दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 07 | टोंक | गुरुवार,08 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




## भारत को लगा तगड़ा झटका | गोल्ड मेडल मैच से पहले डिसक्वॉलीफाई हुईं विनेश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विनेश फोगाट को वजन ज्यादा होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। संघ ने कहा, 'भारतीय दल को इस बात का दुख है कि महिला कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, बुधवार सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा।'

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विनेश का वजन तय मानक से 100 ग्राम ज्यादा निकला है। रेस्लिंग के नियमों के मुताबिक हर मुकाबले से पहले पहलवान का वजन नापा जाता है। जिसमें विनेश ओवरवेट निकली हैं। जिसके बाद विनेश अब सिल्वर मेडल के भी योग्य नहीं रह जाएगी।

### रिपोर्ट्स में दावा- वजन घटाने के लिए रातभर एक्सरसाइज करती रहीं

कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि विनेश और उनके कोच को मंगलवार रात ही उनके ज्यादा वजन के बारे में पता चल गया था। इसके बाद विनेश पूरी रात नहीं सोईं और वजन को तय कैटेगरी में लाने के लिए जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करती रहीं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि विनेश ने अपने बाल और नाखून तक काट दिए थे। इसके बावजूद उनका वजन नहीं घट पाया। भारतीय दल ने विनेश को थोड़ा और समय देने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग नहीं सुनी गई।

### आईओए ने कहा- रातभर कोशिश के बावजूद वजन कुछ ग्राम ज्यादा निकला

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने कहा- बेहद खेदजनक है कि विनेश फोगाट को ज्यादा वजन के कारण महिला कुश्ती के 50 किलो कैटेगरी में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रातभर की कोशिशों के बावजूद सुबह उनका वजन 50 किलो से कुछ ग्राम अधिक पाया गया। भारतीय दल की तरफ से इस बारे में फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी।

### विनेश फोगाट से मिलीं पीटी ऊषा

विनेश फोगाट की अयोग्यता पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा का बड़ा बयान सामने आया है। पीटी उषा ने अपने बयान में कहा कि विनेश का अयोग्य होना बेहद चौंकाने वाला है। मैं कुछ समय पहले ओलंपिक विलेज पॉलीक्लिनिक में विनेश से मिली और उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ, भारत सरकार और पूरे देश के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने आगे बताया कि हम विनेश को सभी चिकित्सा और भावनात्मक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## खेलमंत्री बोले-विनेश मामले में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ में विरोध जताया : लोकसभा में कहा- पीएम ने आईओएफ अध्यक्ष पीटी ऊषा से एक्शन लेने को कहा



संसद के मानसून सत्र के 13वे दिन बुधवार को ओलिंपिक से विनेश फोगाट को डिस्क्वालिफाइ करने का मामले खेल मंत्री ने सरकार का पक्ष रखा। लोकसभा में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा- विनेश को रेसलिंग के 50 किलोग्राम केटेगिरी में खेलना था। उनका वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। इसलिए उन्हें अयोग्य करार दिया गया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध दर्ज किया है। भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा अभी पेरिस में हैं। प्रधानमंत्री ने उनसे बात करके उचित एक्शन लेने के लिए कहा है। विनेश मंगलवार 6 अगस्त को 3 मुकाबले जीतकर 50 किलोग्राम केटेगिरी की रेसलिंग के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं। इससे पहले लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड त्रासदी का मुद्दा उठाया। राहुल बोले- मैं अपनी बहन प्रियंका के साथ वायनाड गया था।

## विनेश फोगाट के गांव पहुंचे भगवंत मान, परिवार से की मुलाकात, पूछा- क्या छुट्टियां मनाने गए हैं कोच और फिजियोथेरेपिस्ट

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के चरखी दादरी में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट के चाचा महावीर फोगाट से मुलाकात की। सीएम मान ने इस दौरान कहा कि ऐसी गलतियां इतने ऊंचे स्तर पर हो रही हैं। कोच और फिजियोथेरेपिस्ट को लाखों में भुगतान किया जाता है। क्या वे वहां छुट्टियां मनाने गए हैं? उन्होंने आगे कहा कि उनका वजन जांचना उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट का काम था। अब फैसला आ गया है। यह अन्याय रोका जाना चाहिए था।

मान ने आगे सवाल किया कि क्या उन्होंने (केंद्र ने) उस समय किसी की जवाबदेही तय की जब हमारी महिला पहलवान अपने पदक नदी में विसर्जित करने गईं थीं। उन्होंने कहा कि मैं इस राजनीति से जोड़ना नहीं चाहता। लेकिन कृपया मुझे बताएं कि क्या भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य वहां छुट्टियां मनाने गए हैं? उन्होंने कहा कि भारतीय ओलंपिक



संघ ने एक बार भी इस पर आपत्ति नहीं जताई। जब वह (विनेश फगाट) फाइनल में पहुंचीं तो (पीएम मोदी की ओर से) कोई ट्वीट नहीं किया गया, लेकिन जब उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया तो एक ट्वीट पोस्ट किया गया।



## तीज पर्व पर ठाकुरजी को लगा घेवर का भोग, छप्पन भोग की झांकी भी सजाई

**जयपुर।** जयपुर में श्रावण तीज का पर्व बुधवार को मनाया गया। इस अवसर पर शहर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में भी तीज का पर्व मनाया गया। तीज पर ठाकुर श्री जी का विशेष श्रृंगार किया गया , वहीं ठाकुर जी को लाल रंग की लप्पा जामा पोशाक धारण करवाई गई। भगवान को धूप झांकी के दौरान घेवर का भोग लगाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। हरियाली तीज पर ठाकुर श्री जी को झूला भी झुलाया गया। इस दौरान मंदिर आने वाले सभी भक्तों को तुलसी के पौधे भी बांटे गए। श्री गोविंददेवजी मंदिर में सभी गोविंद भक्तों को एक पेड़ देश के नाम पर्यावरण महोत्सव के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाकर धर्म लाभ प्राप्त करने का संकल्प कराया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने तुलसा माता का पूजन कर परिक्रमा की। ठाकुर श्री जी को 108 तुलसाजी की माला धारण करवाई गई।

## 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव : प्रदेश में हरियाली तीज के दिन 1 करोड़ से अधिक पौधे लगायें

### पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बन हरियालो राजस्थान का करें निर्माण : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हम ईश्वर का वास मानकर वृक्षों, नदियों और पहाड़ों को पूजते हैं। राज्य सरकार द्वारा भी इसी सोच के साथ बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में प्रदेशभर में 1 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जा रहे हैं। इन पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधों की जियो टैगिंग भी की जाएगी। हम सभी को इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए ताकि हरियालो राजस्थान का निर्माण हो सके।

शर्मा बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर दूदू के गाडोता में आयोजित 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वह धरा है, जहां मां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पेड़ों के संरक्षण की दिशा में वन महोत्सव एक आशा की किरण के रूप में उभरा है। मानसून का यह समय पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि इस समय लगाए गए पौधे शीघ्र बढ़ते हैं।

### प्रत्येक जिले में होगी 'मातृ वन' की स्थापना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन की सहभागिता से स्मृति वन की तर्ज पर प्रत्येक जिले में "मातृ वन" की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि "मातृ वन" में विभिन्न प्रजातियों जैसे बड़, पीपल, गूलर, पिलखन, नेती पीपल, माखन कटोरी इत्यादि पौधे लगाये जाएंगे। वृक्ष प्रेमियों को "राज जिओ ट्री एप" के माध्यम से 51 लाख प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधों की देखरेख के लिए 2 हजार 'वन मित्र' लगाए जा रहे हैं, जिसके तहत इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी को संरक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान, गरीब, महिला, युवा सहित सभी वर्गों को राहत देने के लिए निरंतर काम कर रही है।



## राहुल ने लोकसभा में उठाया वायनाड भूस्खलन का मुद्दा

### केंद्र से राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में एक संबोधन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन के पीड़ितों के लिए मुआवजा बढ़ाने का आह्वान किया। गांधी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले अपनी बहन के साथ वायनाड का दौरा किया और इस त्रासदी से उत्पन्न दर्द और पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से देखा। 200 से अधिक लोगों की जान चली गई है और कई अभी भी लापता हैं।

आपदा के पैमाने पर जोर देते हुए, गांधी ने केंद्र सरकार से वायनाड के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज लागू करने का आग्रह किया, जिसमें आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे और सामुदायिक सहायता पर ध्यान केंद्रित किया जाए। राहुल गांधी ने वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की भी मांग की। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैं केंद्र सरकार से वायनाड के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज का समर्थन करने का आग्रह करूंगा जिसमें आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे का निर्माण और समुदायों की मदद करना शामिल है।

## पाकिस्तान से बात करे मोदी सरकार, करतारपुर की तरह ननकाना साहिब कॉरिडोर भी हो: राघव चड्ढा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर का मुद्दा उठाया। राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि केंद्र सरकार श्री करतारपुर कॉरिडोर की तरह श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर के लिए भी एक सुरक्षित कॉरिडोर बनाने के लिए पाकिस्तान सरकार से बात करे। राज्यसभा सांसद चड्ढा ने राज्यसभा में केंद्र सरकार से श्री ननकाना साहिब के लिए एक कॉरिडोर बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह मामला करोड़ों पंजाबियों की आस्था से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें सदन में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। पंजाब एक ऐसा राज्य है, जिसकी भूमि गुरु साहिबान की कृपा से पवित्र है। 1947 में जब देश का बंटवारा हुआ, तब न सिर्फ देश 2 हिस्सों में बंट गया, बल्कि हमारा पंजाब भी 2 हिस्सों में बंट गया। एक पंजाब पाकिस्तान में रहा और दूसरा भारत में शामिल हो गया। जब देश का विभाजन हुआ, तो मेरे परिवार सहित लाखों पंजाबी परिवारों का खून बहाया गया।

## पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा लगाएं पौधे- विधायक रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** ग्राम पंचायत गुंसी के गांव अजितपुरा में बुधवार को विधायक रामसहाय वर्मा ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान द्वितीय के प्रथम चरण के अंतर्गत दो लाख की लागत से संकन पॉन्ड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तरीय अमृत पर्यारण महोत्सव का आयोजन भी किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रामावतार लांगड़ी ने की। समारोह स्थल पर पहुंचने पर मुख्य अतिथि विधायक वर्मा, प्रधान, भाजपा के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने साफा व माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत घर घर पेड़ लगाने के लिए ग्रामीणों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने मिलकर पर्यावरण के प्रतिकूल प्रभाव को रोकने की पहल करते हुए पूरे प्रदेश में आज के दिन सात करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पौधे लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ



दिलवाई। उन्होंने लोकार्पण स्थल पर कई प्रकार के छाया व फलदार पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा करने के लिए एक चौकीदार नियुक्त करने के के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकास अधिकारी सुनिलकुमार वर्मा ने कहा कि पृथ्वी के पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्यक व्यक्ति को प्रतिवर्ष एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने पंचायत प्रशासन से वाटर शेड विभाग की ओर से निर्मित पॉन्ड पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।




## सम्पादकीय

### दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस से टैक्स मांगने में सरकार ने कर दी जल्दबाजी

सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की नामी कंपनी इन्फोसिस को कर विभाग की तरफ से प्रारंभिक कारण बताओ नोटिस मिलने के बाद बाजार एवं अन्यत्र असंतोष दिख रहा है। इस नोटिस में उल्लेख किया गया है कि इन्फोसिस पर भारत एवं विदेश में उसके कार्यालयों के बीच हुए लेन-देन से संबंधित एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की देनदारी बनती है। इन्फोसिस इस लेन-देन की व्याख्या स्वयं को उपलब्ध कराई सेवा के रूप में कर रही है परंतु, कर विभाग का तर्क है कि विदेश में कंपनी के कार्यालय या सहायक इकाइयां स्वतंत्र हैं, इसलिए कंपनी को उसे कर चुकाना चाहिए। कर विभाग के इस दावे पर स्थिति साफ नहीं है और उलझन बनी हुई है, जिससे बाजार में चिंता और बढ़ गई है। राज्य प्राधिकरण (कर्नाटक) ने भी नोटिस जारी किया था परंतु, अब उसने इसे वापस ले लिया है। कुछ पुराने कर, जिन्हें अब चुकाने के लिए कहा जा रहा है, वे समय से परे (टाइम बार्ड) हो सकते हैं या जल्द इस स्थिति में पहुंच सकते हैं। यह दावा जुलाई में निर्गत एक परिपत्र में दिए गए एक प्रावधान से निष्प्रभावी हो भी सकता है और नहीं भी। अन्य आईटी कंपनियां, जिनकी विदेश में इकाइयां हैं, उनके समक्ष भी यह कर मांग रखी जा सकती है या नहीं भी रखी जा सकती है। यह भी संभव है कि उन्हें जुलाई में निर्गत परिपत्र से सुरक्षा मिल जाए या फिर न मिले। विदेश में सहायक इकाइयां या शाखा कार्यालय रखने वाली विमानन कंपनियों से भी ऐसी मांग की जा सकती है और नहीं भी। कर दावों पर जिस तरह उलझन की स्थिति बनी है सरकार को इससे निश्चित तौर पर बचने का प्रयास करना चाहिए। यह संभव है कि सरकार ने कानून में वर्णित विभिन्न समय सीमा का पालन करने की हड़बड़ी में इन्फोसिस को 32,400 करोड़ रुपये कर चुकाने के लिए कहा है। सरकार ने कर के रूप में इन्फोसिस से जितनी रकम मांगी है वह कंपनी के मुनाफे के आंकड़े के बराबर नजर आ रही है। यह कानून की मर्यादा का उल्लंघन और व्यावहारिक रूप से करदाता के लिए अवमानना है।

सरकार को कर मांगने से पहले सोच-विचार करना चाहिए था और समग्र कारोबारी मानकों के संदर्भ में निर्णय लेना था। परंतु, ऐसा नहीं हुआ और एक समय सीमा का पालन करने के लिए उसने आनन-फानन में फैसला ले लिया गया। संभव है कि सरकार ने सोचा होगा कि कंपनी से कर मांगने के बाद जांच-पड़ताल की जाएगी और कुछ अनियमितता दिखेगी तो वह नोटिस वापस ले लेगी। यह रवैया स्वीकार्य नहीं है और उन अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जो कानून की गलत व्याख्या कर नोटिस भेजते हैं। पिछले दशक में हुए कर सुधार की मूल भावना अधिक पारदर्शिता एवं सटीक अनुमान पर आधारित है। ये दोनों बातें यह व्यावहारिक रूप में भी दिखनी चाहिए। आनन-फानन में भेजे गए ऐसे कर नोटिस इस मूल भावना के बिल्कुल उलट हैं और बाजार व्यवस्था में उलझन की स्थिति खड़ी करते हैं। इन्फोसिस जैसी कंपनी का सामान्य कारोबारी व्यवहार उचित रूप में कराधान के दायरे में लाया जाता है तो खुली चर्चा के माध्यम से इस दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। यहां स्थिति कुछ इस तरह है कि एक बड़ी कंपनी एक विशेष आचरण के साथ कई वर्षों से कर चुकाती आ रही है।

# पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

**मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी।**

ललित गर्ग



भारत के पड़ोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा?

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है। हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था। नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भुटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे इर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थों की रोटियां संेकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। इन पडोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

### वृष
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### मिथुन
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### कर्क
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### सिंह
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### कन्या
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें।

### तुला
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### वृश्चिक
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### धनु
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### मकर
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

### कुंभ
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

### मीन
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

## शख्सियत

**देश भक्ति का जज्बा भी अजीब चीज है दोस्तों हमारे पॉव जहां 6 डिग्री ठंड़ में रजाई में भी ठंडे पड़े रहते हैं वहीं भारत माता के वीर जहां दूर दूर तक बर्फ के पहाड़ नजर आते हैं जो माइनस 20 डिग्री में भी अडिग रहते हैं ये जज्बा ही देश प्रेम कहलाता है ......**

नमस्कार साथियों हमारे शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय सेना के जांबाज सिपाही रहे बिनोद कुमार यादव हैं बिनोद यादव का जन्म सन 1970 बिहार के मुंगेर जिले में हुआ। बिनोद यादव का शुरू से ही सेवा में भर्ती होने और देश की रक्षा करने का जज्बा मन में था ऐसे में दसवीं तक गांव मुंगेर से ही पढ़ाई की और बड़े भाई एयरफोर्स में सन 1985 में अधिकारी बन गए। इन्हें भी भारतीय सेवा में जाने का जज्बा था इसलिए 10 प्लस 2 कर सन 1990 में आर्मी में पहली पोस्टिंग रॅजोडी जम्मू एंड कश्मीर में मिली। यहां देश की रक्षा के साथ उच्च शिक्षा लेने का संकल्प भी साथ चला और ग्रेजुएशन साइंस साइड से करते हुए यह विभिन्न चौकियों पर डटे रहे। लेह लद्दाख जहां माइंस 6 और 7 डिग्री टेंपरेचर होता है। वहां इन्होंने 24 महीने चेक पोस्ट पर अड़िग रह कर देश की रक्षा के लिए अपना कर्तव्य निभाया। सन 2020 में ये सूबेदार बनकर फौज से सेवानिवृत हो गए। श्रीनगर से 150 किलोमीटर आगे पाक बॉर्डर गर्म पथरी पोस्ट जहां दूर-दूर तक बर्फ ही बर्फ है वहां बीएसएफ जवानों के साथ डटे रहे गर्म पथरी पोस्ट पाक बॉर्डर पर है यहां माइनस 20 टेंपरेचर है उसके बावजूद 3 महीने अविरल और अडिग कर्तव्य निष्ठा के साथ देश की सेवा का जज्बा लिए ड्यूटी निभाई इन्होंने। भारतीय सेवा को अपने जवानी के 30 स्वर्ण वर्ष दिए। आर्मी ऑफिसर बिनोद कुमार ने बढ़ता राजस्थान से बात करते हुए कहा कि इंडियन आर्मी एक अनुशासन सिखाने वाली ऐसी संस्था है जो मनुष्य को जीना सिखाती है। खुद के साथ और औरों की रक्षा के लिए आर्मी का संकल्प ही देश भक्ति का जज्बा पैदा करता है। जब यह गर्म पथरी पोस्ट पर थे जहां 20 से 25 डिग्री टेंपरेचर चल रहा था ऐसे में सांस फूलने की दिक्कत को लेकर भोजन नहीं करने की परेशानी के बाद इन्होनें जाना की कर्तव्य निष्ठा सच में अनुशासन के जरिए ही निभाई जा सकती है। 30 साल की अपनी नौकरी में इंडियन आर्मी के प्रति जज्बा देश भक्ति का उद्देश्य और एक बेहतरीन लीडरशिप, मौत के बीच जीना, निर्डर बनाना और मानवीय संवेदनाओं को समझना आर्मी सिखाती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ्य जीवन की कामना करती है।



बिनोद कुमार यादव
(रिटायर्ड सूबेदार भारतीय सेना)

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 8 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस ने 1549 में इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- डेनमार्क और स्वीडन में 08 अगस्त 1700 को शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- जेनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना 1864 में हुई।
- ए. टी. मार्शल ने 1899 में रेफ्रीजरेटर का पेटेंट करवाया।
- बोस्टन में पहले डेविस कप श्रृंखला की शुरुआत 1900 में हुई।
- रावलपिंडी संधि के तहत ब्रिटेन ने 1919 में अफगानिस्तान की आजादी को मान्यता दी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1942 में बम्बई (अब मुंबई) सत्र में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रुमैन ने 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किए।
- द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ ने 1945 मेर जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- पाकिस्तान ने 1947 में अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।
- आजादी के बाद पहली बार केंद्र सरकार को 1967 में लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।
- दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समूह की स्थापना के लिए इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की बैठक 1967 में आयोजित की गई।
- अफगानिस्तान में नौ साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी 1988 में शुरू हुई।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 1991 में उत्तरी और दक्षिण कोरिया की सदस्याता को मंजूरी दी।
- चीन और ताईवान के जनप्रतिनिधियों ने 1994 को सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- ताइवान आज़ाद होने के लिए 2002 में जनमत संग्रह योजना से पीछे हटा।
- पन्द्रह छोटे देशों ने 2003 में संयुक्त राष्ट्र संघ में ताइवान की सदस्यता का समर्थन किया।
- 2004 में जापान ने चीन को पराजित करके एशिया कप फुटबाल जीता।
- एक्सनाना गुसमाओ पूर्वी तिमोर के प्रधानमंत्री 2007 में बने।
- तिब्बत के गंसू प्रांत में 2010 को भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन से 100 लोगों की मृत्यु हो गई तथा लगभग 2000 लोग लापता हो गए।
- तेजस्विनी सावंत 2010 को म्युनिख में आयोजित विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता के 50 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला बनीं।
- पाकिस्तान के क्वेटा में 2013 को आत्मघाती हमले में 28 लोग मारे गए।

### 8 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- शास्त्रीय संगीत गायिका सिद्धेश्वरी देवी का जन्म 1908 में हुआ।
- भारतीय लेखक भीष्म साहनी का जन्म 1915 में हुआ।
- भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिक वुलिमिरि रामालिंगस्वामी का जन्म 1921 में हुआ।

## विशेष आलेख

# देश-चिंतन : देश में वर्ग विभेद से आर्थिक संवृद्धि में बड़ा अवरोध

संजीव ठाकुर



आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध आते रहें हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी हो सकती है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और समाज में वर्ग विभेद,आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू,मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबब बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी। आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा।

डिग्गी-सोहेला स्टेट हाइवे का मामला

# हाड़ीगांव-झिराना में बना टोल नाका, सरकार ने ठेका दिया, लेकिन लोग फ्री में यात्रा करने का बना रहे दबाव, आए दिन बुलानी पड़ रही पुलिस

## पिछले तीन-चार दिन से बने रहे हंगामे के हालात, टोलकर्मियों को भगाने के लिए धमकाने का आरोप

### टोल प्रबन्धन कंपनी नियमानुसार पास बनाने को तैयार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजस्थान स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन द्वारा बनाए गए डिग्गी-सोहेला स्टेट हाइवे (45 किमी) पर टोल वसूली के लिए सरकार ने ठेका (11.89 करोड़ का) दे दिया है, लेकिन स्थानीय कुछ लोग टोल नहीं देने पर अड़े हुए हैं। जिसको लेकर हाड़ी गांव और झिराना में बने टोल नाके पर पिछले तीन-चार दिनों से हंगामे के हालात बने हैं। टोल प्रबन्धन को सुरक्षा और माहौल शांत कराने के लिए बार-बार बरोनी पुलिस को बुलाना पड़ा है। टोल प्रबन्धन सरकार के नियमों के अनुरूप टोल नाके के 20 किमी एरिए में रहने वाले ग्रामीणों के मासिक पास (प्रति माह 275 रुपए) में बनाने को तैयार है, लेकिन लोग फ्री में यात्रा करने पर अड़े हुए हैं।



**पांच साल पुराना टोल, नया ठेकेदार आया तो बना रहे दबाव :** कॉरपोरेशन के सूत्रों के मुताबिक करीब पांच साल पहले यानी वर्ष 2019-20 से इस मार्ग पर टोल लग रहा है। बताया जाता है कि पहले हरियाणा की किसी कंपनी के पास ठेका था। लोगों ने दबाव बनाकर उनसे फ्री यात्रा की सुविधा ले ली। अब 21 जुलाई से दो साल के लिए हिमालय ट्रांसफेज नाम की कंपनी को नया ठेका मिला है। कंपनी से जुड़े लोग स्थानीय है, इसलिए लोगों का दबाव काम नहीं कर रहा है। कंपनी के प्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार के नियमों के मुताबिक आसपास रहने वाले लोगों को पास बनाया जाएगा। ठेके के नियमों में कुछ विशेष लोगों को छोड़कर किसी को भी फ्री यात्रा का लाभ देने की अनुमति नहीं हैं।

### भीड़ हुई जमा, टोलकर्मियों को धमकाया

पुलिस व कॉरपोरेशन के सूत्रों के मुताबिक पिछले तीन दिन से दोनों तरफ के टोल नाके पर हंगामे के हालात बने है। लोगों की भीड़ जमा होकर हंगामा करती है और टोलकर्मियों को वहां से भाग जाने का दबाव बनाया जा रहा है। बताया जाता है कि दो दिन में तीन बार बरोनी पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर लोगों को वहां से हटाया।

### टोल संग्रहण का काम प्रभावित

टोल प्रबन्धन के मुताबिक पहले ही बरसात के कारण इस मार्ग पर यातायात कम है, ऐसे में लोगों के हंगामे और फ्री में यात्रा करने के दबाव के चलते प्रतिदिन टोल संग्रहण का काम बाधित हो रहा है और सरकार-कंपनी को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इनका कहना है

### कुछ लोग विरोध कर रहे थे, समझाकर हटा दिया

हंगामे जैसे हालात तो नहीं थे। कुछ लोग अपने वाहनों को फ्री में आने-जाने की सुविधा देने के लिए अड़े हुए थे, जबकि टोल प्रबन्धन पास बनाकर देने की बात कह रहा था। पुलिस ने वहां जाकर लोगों को समझाकर हटा दिया था।

**ओमप्रकाश, थाना प्रभारी, बरोनी थाना**

---

आओ बनाए हरियालो राजस्थान अभियान

जिले में हुआ 5 लाख 84 हजार पौधरोपण

# प्रभारी मंत्री ने किए 3 करोड़ की राशि के विकास कार्यो का लोकार्पण

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के एक पेड़ मां के नाम-आओ बनाएं हरियालों राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए जिले में बुधवार को एक दिन में एक साथ 5 लाख 84 हजार 482 पौधों का रोपण कर ''हरियालों टोंक'' का संकल्प लिया गया। इस अभियान में जिले के लोगों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं राजकीय कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। माण्डव ऋषि की तपोभूमि, मांडकलां, नगरफोर्ट में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, जिला परिषद मद से 2 करोड़ 38 लाख की राशि से स्वीकृत कुल 33 विकास कार्यों तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा स्वीकृत 43.10 लाख रुपये एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में 18 लाख रुपये की राशि से कराए गए विविध कार्यों का लोकार्पण कर आमजन को विकास कार्यों की सौगात दी।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को राहत देने के लिए कृत संकल्पित है। गरीब परिवार की महिलाओं को धुएं से राहत देने के लिए रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों की महिलाओं को 1 जनवरी 2024 से रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपये में मिल रहा है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एनएफएसए में आने वाले परिवारों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इससे निश्चित तौर पर गरीब परिवारों आर्थिक संबल मिलेगा।

**प्रदेश में खुशहाली की कामना की :** जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने टोंक जिले के नगरफोर्ट स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक धरणीधर भगवान के मंदिर पहुंचे, जहां भगवान को धोक लगाकर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। प्रभारी मंत्री का मंदिर के पुजारियों ने स्वागत किया।

---

# विधायक रामसहाय वर्मा के जन्मदिवस पर मंदिरों में की पूजा अर्चना, गौमाता की हुई सवामणी

## पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रधान लांगडी सहित सभी पार्षदों ने किया सम्मानित





बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई विधायक रामसहाय वर्मा के जन्मदिवस पर विधायक ने शहर के प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना की। इसके बाद विधायक अखंड रामधुनी को विधि विधान से पूजा अर्चना कर डिग्गी कल्याण के लिए रवाना किया। विधायक रामसहाय वर्मा के जन्म दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इंदिरा कॉलोनी स्थित गौशाला में पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया गया और गौ सवामनी का कार्यक्रम कर गौ माता की पूजा अर्चना की। इसके बाद शहर के मुख बधिर विद्यालय में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के साथ केक कटवाकर अपना जन्मदिन मनाया। इसके बाद इंदिरा कॉलोनी स्थित पार्क में हरियालो राजस्थान अभियान के कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत की गई। विधायक ने बताया कि आज निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के अलग.अलग जगह पर 1001 पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई हैं। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न कार्यालयए विद्यालयए सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए गए हैं। प्रदेश सहित देश में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में पालिका भवन में विधायक रामसहाय वर्मा का माला व साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। भाजपा कार्यालय पर शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों के साथ विधायक का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर वर्षारोपण का स्वागत किया। डिग्गी कल्याण मंदिर में सवामणि का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी, उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता, शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, पार्षद नितिन छाबड़ा, परसराम कुमावत, बाबूलाल सैनी, शंकर लाल सैनी, रमेश सैनी, लालचंद सैनी, रामविलास बलाई, शंकर शर्मा, करण सिंह राजावत, जीतपाल गुर्जर, गिरिराज जाट, दुर्गाशंकर सेन, जितेंद्र धारवाल,अनिल तम्बोली, दयाराम जाट, कमलेश किराड सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे ।

---

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडारायसिंह में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

# 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर खुश हुए बच्चे, पर्यावरण संरक्षण की भी मिली सीख



बढता राजस्थान

**टोंक, (कासं)।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडारायसिंह के विद्यार्थियों ने बुधवार को सघन पौधरोपण किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य निपुण सक्सेना ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के ग्रीन, यलो, रेड और ब्लू हाउस के बच्चे शामिल हुए। बेहद गरिमापूर्ण और हुल्लासित वातावरण में बच्चों ने फल-फूल और छायादार वृक्षों के पौधे लगाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य निपुण सक्सेना ने पौधों के संरक्षण और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि एक पेड़ प्रतिदिन जितनी ऑकसीजन हमें देता है, उसे फैक्ट्री में बनाने पर लाखों रुपए खर्च हो सकते हैं। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर वातावरण को शुद्ध और ऑक्सीजन से युक्त बनाया जाना चाहिए।

निपुण सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में शाला परिवार के सदस्यों के अलावा एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

---

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम-आओ बनाएं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हरियाली तीज के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी, गैर सरकारी, ग्राम पंचायत, आँगनबाड़ी सहित विभिन्न कार्यालय इवान सार्वजनिक स्थलो पर पौधरोपण किया गया। विद्यालयो में बच्चों को एक पौधा जीवन में संरक्षित कर खाद और पानी डालकर बड़ा करने का संकल्प दिलाया। वही पौधे लगाने के बाद हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से जानकारी दी गई। अभियान के तहत पराना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में 500 पौधे लगाए गए एवं विद्यार्थियों तथा स्टॉफ ने नियमित रूप से देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सैयद मुशीर अहमद ने पौधे वितरित किए।

प्रधानाचार्य अहमद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है, तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी। हम पौधरोपण अभियान में पूर्ण भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करें। घर और विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक छायादार व फलदार पौधे लगाने चाहिए। छात्रों, शिक्षकों ने इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, फूलदार, फलदार, छायादार पौधे लगा इन्हें विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्रों को पौधे वितरित किए गए।

इस अवसर पर शंकर लाल जाट राजेंद्र मीणा, रामप्रसाद जाट, रामावतार जाट, गजानन मीणा, ओमप्रकाश महावर, शिवराज शर्मा, प्रिया शर्मा, सविता सोनी, रश्मि विजय, बीना मीणा, शिवराज शर्मा, सुनील वर्मा, घनश्याम बैरवा, सहित छात्र-छात्राए, शिक्षक एवं कई ग्रामीण मौजूद थे ।

---

# बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए त्वरित गति से काम करने के निर्देश

## प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में ली बैठक

बढता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजस्थान सरकार द्वारा परिवर्तित बजट 2024-25 के अंतर्गत टोंक के लिए की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ परिवर्तित बजट घोषणा 2024-25 को धरातल पर उतारने का कार्य शीघ्रता से करें। नागर टोंक जिले की एक-एक बजट घोषणा, स्वीकृत राशि, भूमि आवंटन के लिए की गई कार्यवाही, अनुमानित तकमीना, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, निविदा एवं कार्यादेश जारी होने की स्थिति के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टि के साथ अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि जिन बजट घोषणाओं के लिए भूमि आवंटन की आवश्यकता है उनके लिए सभी संबंधित उपखंड अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी भूमि आवंटित कराकर घोषणा को मूर्त रूप देने का कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने जिले में पिछले दिनों हुई भारी वर्षा को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से राहत व बचाव कार्यों की जानकारी ली।



**टोंक । यातायात पुलिस की ओर से बुधावार को हरियालो राजस्थान अभियान और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। यातायात पुलिस थाने में पौधारोपण करते पुलिसकर्मी।**

---

# हरियालों राजस्थान वृक्षारोपण अभियान का जलदाय मंत्री ने किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने 'हरियालो राजस्थान वृक्षारोपण' एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत बुधवार को टोडारायसिंह में बी.एल इंटरनेशनल स्मार्ट स्कूल में पौधारोपण किया । स्कूल डायरेक्टर राधा चौधरी,नगर पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन,मंडल अध्यक्ष अनिल भारद्वाज,महामंत्री करुणा निधि शर्मा सहित स्कूल के विद्यार्थियो ने भी पौधारोपण किया । राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित एक पेड़ माँ के नाम हरियालो राजस्थान महा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के अम्बापुरा के खेल मैदान मे 150 पौधे स्कूल के बच्चों एवं अध्यापको ने लगाए।



इस अवसर पर ग्राम के वार्ड पंच सुरेश सैनी संस्था प्रधान अब्दुल मारूफ समस्त स्टॉफ एवं अन्य ग्राम वासी भी उपस्थित रहे । सुरेश कुमार ओला निदेशक एवं सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 7 अगस्त 2024 बुधुवार को हरियाली तीज के अवसर पर नगरपालिका मालपुरा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

---

# बग्गी में सवार होकर निकाली तीज माता की सवारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिलेभर में सावन की तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने लहरिया पहन तीज माता की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। बाजार में दिनभर घेवर की खरीदारी के लिए दुकानों पर भीड रही। घरों में पकवान बनाए गए। जिला मुख्यालय पर हिन्दू मेला महोत्सव समिति की ओर से शाम को बड़ा तख्ता स्थित रघुनाथ मंदिर से पूजा अर्चना के बाद लबवजमें के साथ बग्गी में तीज माता की सवारी रवाना हुई। अध्यक्ष दिनेश चौरासिया ने बताया कि सवारी को रवाना होने से पूर्व 101 दीपों के थालों से तीज माता की महा आरती की गई। सवारी के साथ भगवान शंकर की झांकी सजाई गई। महिलाएं , युवतियां पारंपरिक नृत्य करती हुई चल रही थी। जगह-जगह लोगों ने बाजार में तीज माता की आरती की। सवारी मुख्य बाजार, अमीरगंज, काफला बाजार, सुभाष बाजार, घंटाघर, बमोर गेट होते हुए छावनी पहुंची। जहां आरती की गई। यहां से सवारी वापस बस स्टैंड, मोतीबाग, बड़ा कुआं होते हुए रघुनाथजी के मंदिर पहुंची। सवारी यात्रा में मनीष बंसल, आंनद बंब, कानू सोनी, महेश सोनी, सन्नी बंसल अग्रवाल, कैलाश नामा, शुभम शर्मा, बद्री सोनी , रमाकांत नामा, रवि गुप्ता, गीतांजलि सहाय (रानू) , शिमला जैन, गायत्री चौरासिया, सोनू पालीवा पूर्णिया सोनी आदि सहित अन्य साथ चल रहे थे।

# तेज रफ्तार कार ने नाकाबंदी के दौरान पुलिस कांस्टेबल को मारी टक्कर

## महिला सिपाही का पैर फ्रैक्चर, हेड कांस्टेबल के छाती-कमर में आई चोट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** सांगानेर थाना इलाके में नाकाबंदी के दौरान रुकने का इशारा करने पर तेज रफ्तार कार ने महिला सिपाही और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया है। कार चालक ने पुलिस की जीप और बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। हैड कांस्टेबल रामपाल ने बताया कि थाना इलाके में स्थित कुंभा मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार को रुकने का इशारा किया। कार चालक ने अपनी स्पीड़ बढ़ा दी। कार पहले डिवाइडर से टकराई और महिला कांस्टेबल और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी। हादसे में महिला कांस्टेबल सुनीता का पैर फ्रैक्चर हुआ है, जबकि हेड कांस्टेबल रामपाल के सीने और कमर पर चोट आई है। इधर, पुलिस ने कार सवार को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को आरयूएचएस में पहुंचाया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि कार जयपुर की ओर आ रही थी। उनकी ड्यूटी कुंभा मार्ग पर थी। कार पहले डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार ने मौके पर मौजूद महिला कांस्टेबल को टक्कर मारी और फिर उनकी बाइक को घसीटते हुए ले गया। इस दौरान कार सवार ने प्रताप नगर थाने की जीप को भी टक्कर मार दी। घटनाक्रम को लेकर घायल पुलिसकर्मियों की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है।

## मरीज से मिलने आए तीन युवकों ने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और गार्ड से की मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में स्थित जयपुर हॉस्पिटल में मरीज से मिलने आए तीन युवकों ने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और गार्ड से मारपीट की। वार्ड में घुसकर गलत भाषा का प्रयोग किया। सीसीटीवी फुटेज में तीनों युवक नजर आए है। डॉक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी एसआई प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि डॉक्टर शुभम कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि हॉस्पिटल के वार्ड 67 में मरीज रवि गुर्जर भर्ती था। 5 अगस्त की रात 9 बजे उससे मिलने के लिए तीन युवक अशोक गुर्जर, सरदारसिंह, विकास गुर्जर हॉस्पिटल आए थे। तीनों युवकों ने वार्ड में मौजूद डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और गार्ड के साथ गाली-गलौज की। अभद्र भाषा का प्रयोग कर धक्का-मुक्की करने लगे। इस पर पीसीआर को मौके पर बुलाया लेकिन पुलिस के आने से पहले ही तीनों युवक भाग गए। पुलिस ने डॉक्टर की रिपोर्ट पर तीनों बदमाशों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी से तीनों युवकों के फुटेज भी मिले हैं।




## निवाई पीपलू विधायक का जन्मदिन मनाया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/निवाई। गुरुवार को विधायक रामसहाय वर्मा का गुणसी गाँव में जन्मदिन पर केक कटिंग किया । रामाज् रिसोर्ट के मालिक मोहित टेलर ने विधायक का राजस्थानी परम्परा से तिलक ,फूलों की माला ,साफ़ा पहना के स्वागत किया साथ ही सभी को केक खिलाया । मोहित ने जन्मदिन की बधाई दी और भगवान से दीर्घायु की कामना की ।

# सशर्त कोचिंग हब में जाने के लिए तैयार कोचिंग संचालक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** वर्तमान हालातों में कोचिंग हब को ही स्थाई समाधान के रूप में मानने वाले कोचिंग संचालकों ने आपात मीटिंग कर कोचिंग हब के अत्यधिक दर को कोचिंग हब के फैल होने का प्रमुख कारण बताते हुए उन कारणों को दूर कर वर्तमान दर के पच्चीस प्रतिशत दर पर कोचिंग हब में जाने पर सहमति जताई है। ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के बैनर तले गोपालपुरा में गीतांजली कोचिंग पर आयोजित मीटिंग में कोचिंग संचालकों ने वर्तमान कोचिंग हब में प्रत्येक टावर की पूरी क्षमता सात हजार छात्रों के एक साथ जाने-आने के लिए अतिरिक्त क्यूब लिफ्ट लगाने की मांग की और साथ ही इसके अतिरिक्त कुछ फ्लोर लीज पर देने की भी मांग की गई। ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सिराज खान,प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार,प्रदेश महासचिव अजय आगरावाल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर किरण ,जगदीश प्रकाश ताखर आदि लोगों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा की जल्द ही इस दिशा में शहर में चल रहे बड़े कोचिंग संचालकों से बात कर प्रतिनिधि मंडल बना मुख्यमंत्री,उप मुख्यमंत्री तथा यूडीएच मिनीस्टर से वार्ता की जायेगी।

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सिराज खान,प्रदेश महासचिव अजय अग्रवाल,प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर किरण, सुमित अरोढा, जगदीश प्रसाद ताखर,कृष्णा यादव, आदि पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित इस मीटिंग में उत्कर्ष,डागुर्स,परिष्कार,अस्तित्व गुरु नर्सिंग, इंटरनल आईएएस,पाठशाला, मिशन, टेक्नोग्लोब, नेक्स्ट गुरु,आईआईएम, अभ्युदय अकैडमी ,प्राइम इंस्टीट्यूट,अभीव्यक्ति,रीजनिंग वर्ड ,जनिट, दिव्या दृष्टि,राजस्थली, उदगम,वीआइपीएम,हरेन्द्र क्लासेस, बी2ई, मई पाठशाला तथा अन्य लगभग चालीस कोचिंग संस्थानों ने भाग लिया।

# महिला ने चुन्नी से फंदा लगाकर दी जान

## होटल व्यवसाय के चलते पति विदेश में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जालूपुरा थाना इलाके में एक महिला ने मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि जय मंगल पैलेस होटल में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। फिलहाल महिला के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। महिला के पास 18 पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपने बच्चों, परिवारजनों सहित अन्य लोगों के लिए कई बातें लिखी है। सुसाइड नोट में बच्चों को आई लव यू और आई मिस यू भी लिखा है। 18 पेज में से दो पेज गुजराती में लिखे है। पुलिस इन पेजों को पढ़वाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार कुमावत कॉलोनी ब्यावर निवासी 32 वर्षीय अंजली पत्नी प्रकाश सिंह की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे है। एक बेटा और एक बेटी। महिला मंगलवार रात करीब साढ़े बजे होटल में आकर रुकी थी। सुबह जब महिला बाहर नहीं आई तो होटल स्टाप ने 11 बजे कमरें का दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाज नहीं आने पर दूसरी चाबी से गेट खोलकर देखा गया तो महिला फंदे से लटकी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को उतार कर अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

### लोन दिलाने का काम करती थी मृतका

थानाधिकारी ममता ने बताया कि अंजली के पास बहुत सारे दस्तावेज मिले है। महिला सरकारी और प्राइवेट कम्पनियों से लोन दिलाने का काम करती थी। महिला का पति होटल व्यवसाय से जुड़े हुए है। महिला का पति बहरीन में रह रहा है। महिला के पास 18 पेज मिले है। इसमें घर परिवार और सदस्यों से जुड़ी कई बातें लिखी है। इनमें दो पेज गुजराती में लिखे है। महिला मूलत: गुजरात की रहने वाली है। सुसाइड लेटर में महिला ने अपने बच्चों को आई लव यू, आई मिस यू और उनका ख्याल रखने की बात लिखी है। महिला का पीहर पक्ष गुजरात का हिम्मतनगर है वही ससुराल पक्ष ब्यावर में रहता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत, विद्यालय परिसर में किया पौधा वितरण कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



जयपुर, (का.स.)। ब्रह्मपुरी में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया। भाजपा ओबीसी जिला महामंत्री महेश कुमार सैनी ने बताया कि लोक पर्व हरियाली तीज के मौके पर विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें विद्यालय में पढ़ने वालो बच्चों के अभिभावना और स्थानीय निवासियों को पौधा वितरण कर उनकी सही देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता ओबीसी मोर्चा राकेश ,शसपना जैन,उप प्रधानाचार्य ललित किशोर शर्मा ,प्रभारी संदेश जैन, उप प्राचार्य लक्ष्मण सिंह शेखावत सहित समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# रिज़र्व पुलिस लाइन जयपुर में जयपुर पुलिस कमिश्नर एवं अन्य अधिकारीयों-कार्मिकों ने किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत बुधवार को हरियालो राजस्थान- हरियाली तीज के उपलक्ष्य पर जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ रिज़र्व पुलिस लाईन जयपुर में पौधारोपण किया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेष दिया। पुलिस कमिश्नर जोसफ ने बताया कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। वृक्ष हमें शुद्व प्राणवायु उपलब्ध कराते है, प्रदूषण को रोकते है, पानी के बहाव एवं कटाव को रोकते है तथा पर्यावरण के संतुलन को बनाने में सहायक होते है। वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने रिजर्व पुलिस लाईन को सदा हरितिमा से आच्छादित रखने एवं हरियाली के लिए सभी को मिलकर प्रयास किए जाने पर जोर दिया इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन में पुलिस कमिश्नर के साथ ही अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (प्रथम) कैलाश बिश्नोई,अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन प्रीति चन्द्रा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (द्वितीय) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्याम सिंह, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दिगंत आनंद, पुलिस उपायुक्त (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर, पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राषि डोगरा डूडी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) शिल्पा चौधरी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नवाब खान, राणवीर सिंह, विनोद सीपा, सीताराम प्रजापत, सहायक पुलिस आयुक्त प्रदीप सिंह यादव एवं हेमराज मूंड सहित अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया।

# आवासन मंडल की ओर से किया गया वृहद् पौधारोपण, प्रदेशभर में इक्कीस हजार पौधे लगाये गये

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** सावन के महीने और हरियाली तीज के शुभ अवसर पर राजस्थान आवासन मंडल की ओर से भी वृक्षारोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत राजधानी के सिटी पार्क में हुए मुख्य कार्यक्रम में आवासन मंडल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और पौधारोपण किया। प्रदेशभर में किया 21 हजार पौधारोपण आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में एक लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, इसी कड़ी में बुधवार को 21 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। राजधानी में हुए मुख्य कार्यक्रम में आवासन मंडल के सचिव डॉ. अनिल पालीवाल समेत कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे और पौधारोपण किया।

इस मौके पर आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को अपनी जिम्मेदारी और भागीदारी निभानी होगी। सिंह ने खास तौर पर युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी अपने आने वाले भविष्य को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करें, साथ ही उनका संरक्षण भी करें। प्रकृति ने हमें जीवन दिया, अब संरक्षण हमारी जिम्मेदारी-सचिव इस मौके पर आवासन मंडल के सचिव डॉ. अनिल पालीवाल ने कहा कि प्रकृति ने हमें जीवन दिया है, अब प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में आवासन मंडल की ओर से लगातार पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें आमजन की ओर से भी उच्च स्तर की भागीदारी देखी जा रही है।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव, यूनियन के पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने किया वृक्षारोपण 'मां के नाम एक पेड़ लगाओ' अभियान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान




**निवाई, (का.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में अमृत पर्यावरण महोत्सव कार्यक्रम पर प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने गुलमोहर, नीम, करंज, वट वृक्ष, अमलतास आदि तरह-तरह के छायादार पेड लगाकर की, कार्यक्रम की शुरुआत। प्रधानाचार्य ने बताया कि मॉडल विद्यालय में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों ने लगभग 250 से अधिक पेड़ लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और एसएमसी सदस्यों ने वृक्ष लगाकर प्रकृति को किस तरह से बचाया जा सके। इसका मानव जीवन के लिए क्या महत्व है इसको समझकर संकल्प लिया कि हम सभी आज के कार्यक्रम पर ही नहीं आगे भी सत्र पर्यंत अपने घर पर, सार्वजनिक जगह पर, जहां भी उचित जगह होगी वहां लगाएंगे। जिसकी हम उचित देखभाल कर सके, प्रतिवर्ष प्रत्येक व्यक्ति को पांच-पांच पेड़ लगाकर प्रकृति को प्रदूषित होने और प्राकृतिक आपदा से बचाएंगे कार्यक्रम के इस अवसर पर वृक्षारोपण प्रभारी उप प्रधानाचार्य ललित कुमार बेनीवाल, राजवीर चौधरी, व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा, योगेश कुमार शर्मा, कमल सिंह गुर्जर, विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, रमेश चंद मीणा, हनुमान प्रसाद गुर्जर, मदन मोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, जीशान अहमद, कुंती शर्मा, सुदेश , पूजा आरती, सोनू, दिव्यानी, अमित शर्मा, निकलेश सेन आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षिका शारीरिक शिक्षिका आदि मौजूद रहे।

# जेडीए ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण कर मनाया वन महोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के पर्यावरण संरक्षण अभियान को बढावा देने हेतु जेडीए द्वारा बुधवार को कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ 551 फलदार—फूलदार पौंधों का वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान, हरियाली तीज के उपलक्ष पर 'एक पेड माँ के नाम' अभियान तथा शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के क्रम में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल के निर्देशन में बुधवार को जेडीए की उद्यानिकी शाखा द्वारा एम.एन.आई.टी. परिसर में जामुन, कचनार, मोलश्री, शहतूत, बड़, पीपल, इमली, अर्जुन, शीशम इत्यादि के 551 फलदार, फूलदार, छायादार तथा औषधीय महत्व व धार्मिक महत्व के 8-10 फीट के पौधों का वृक्षारोपण कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जविप्रा के उद्यानिकी स्टॉफ व एम.एन.आई.टी. के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया।

# नगर पालिकामण्डल द्वारा हरियाली तीज पर तीज माता की सवारी परम्परागत तरीके से निकाली



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** कस्बे मे बुधवार को हरियाली तीज हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । इस अवसर पर नगर पालिका मंडल द्वारा श्रीराम नगर स्थित कुमावत समाज बगीची से तीज माता की शोभायात्रा भारी लवाजमे के साथ परम्परागत तरीके से निकाली जो कस्बे मे नगर भ्रमण करती हुई गणगोरी बाजार मे मेले के रूप मे परिवर्तित हो गई । मेले मे नगर पालिका द्वारा विशेष सजावट की गई व आतिशबाजी की गई । मेले मे व शोभायात्रा के दौरान कन्याओ व सुहागिनो ने तीज माता को चुनरी ओढाकर पुजा की। गोरतलब है कि सावन मास में मनाई जाने वाली तीज को हरियाली तीज कहते हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अखंड सौभाग्य के लिए गौर और गणेश की आराधना कर अखण्ड सुहाग का वर की कामना करती है । तथा झुला झूलती है । इसके अलावा जिन कन्याओ की सगाई हो गई हो अथवा कन्याओ के विवाह के पहले साल हरियाली तीज पर सिंजारा भी आता है ।शोभा यात्रा मे पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष योगेश सैनी ,पार्षद श्रीमती पुजा भाटी ,प्रमोद मीणा ,यतींद्र झाकडा ,मदनलाल सैनी ,दोलत राम चोधरी ,सरदार सिंह चोधरी ,सहित अन्य पार्षद थे ।

# जिला प्रभारी मंत्री ने सुनें अभाव अभियोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व हनुमानगढ़ जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें। जिला प्रभारी मंत्री ने पेयजल, विद्युत, सिंचाई, अतिक्रमण, राशन सामग्री वितरण, खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने से संबंधी परिवेदनाओं को सुना। उन्होंने जनसुनवाई में आमजन से कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ब्यावर में स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर( नि.स. )।** प्रदेश में तीज के त्यौहार के मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी से इस त्यौहार को वृक्षारोपण महाअभियान के रूप मे मनाकर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की हैं। इसी के तहत जिला प्रशासन एवं नगर परिषद के तत्वावधान में राजकीय सनातन धर्म महाविद्यालय के मैदान में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा एक पौधा लगाकर आमजन से अपील कर रहे हैं कि वह इस पौधे की कीमत नहीं महत्वता को समझे।

बुधवार को अपने प्रस्तावित दौरे के अनुसार स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ब्यावर पहुंचे, जिन्हें विधायक शंकर सिंह रावत, ब्यावर नगर परिषद सभापति नरेश कनौजिया, जवाजा पंचायत समिति के प्रधान गणपत सिंह रावत, जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया, जिला पुलिस अधिक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी, ब्यावर के वृत्ताधिकारी राजेश कसाणा, जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार दुबे, नगर परिषद आयुक्त श्रवण चोधरी एवं कई पार्षद आदि ने स्वागत किया और सनातन धर्म महाविद्यालय के मैदान मे ले जाकर हरियाली तीज पर हरियालों राजस्थान के तहत एक पौधारोपण कर एक पेड मां के नाम लगाने की शुरूआत की।

इस मौके पर सभी ने एक-एक पौधा लगाकर संकल्प लिया कि इस पौधे की रक्षा व सुरक्षा प्रशासन करेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकडो कार्यकर्ता मौजूद थे वहीं सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर्स व प्राचार्य आदि उपस्थित थे। समारोह में अतिथियों के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि हर वर्ष वृक्षारोपण होता हैं।

जितने पेड अब तक कागजों मे लगे है वास्तव में उन संख्याओं को गिना जाये तो हिन्दुस्तान का एक इंच क्षेत्र भी बगैर पेड नहीं रह सकता। इस अवसर पर समारोह में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की तमाम महिला कार्यकर्ता, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे जिन्होंने हरियाली तीज पर हरियालों राजस्थान के तहत वृक्षारोपण किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधिक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी व विधायक शंकर सिंह रावत और नरेश कनौजिया सहित सभी महिलाओं व पुरूषों ने एक पेड अपनी मां के नाम लगाकर उसकी सुरक्षा व रक्षा का संकल्प लिया।

# आत्मविश्वास : मुझे विश्वास है रूपिन घर आयेगा : वन्दना चौहान

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( नि.स. )।** अपनी मन्नत पूरी होने के बाद आई आई टी कर रहे छात्र रूपिन सामरिया की माता वन्दना चैहान ने कहा कि मुझे विश्वास है प्रभु पर की मेरा बेटा सकुशल लौटेगा। हो सकता है वहां के मंजर को देखकर सदमे मे आ गया हो लेकिन घर जरूर आयेगा। यह कथन रविवार को बढता राजस्थान से बातचीत करते हुए कहे।

जानकारी के अनुसार गत 28 जुलाई रविवार को रूपिन सामरिया रूडकी से अपने मित्र घनेन्द्र चैहान के साथ केदारनाथ गये थे। केदारनाथ के दर्शन करने के बाद जब पुन: लौट रहे थे तो गौरीकुण्ड के भी दर्शन करने की ठानी। दोनों मित्र सीधे गौरीकुण्ड पहुंचे लेकिन 31 तारीख को मौसम खराब होने के कारण शाम 8:30 बजे अपने परिजनों से बातचीत की और होटल में रूकने को कहा। लेकिन कुदरत ने भी अपना करिश्मा दिखाते हुए उस दिन बादल फट जाने के कारण कोहराम मच गया। इस बीच उस वक्त क्या मंजर हुआ उसका किसी को पता नहीं। लेकिन रूपिन का मित्र जो बैंगलौर से रूडकी पहुंचकर केदारनाथ के दर्शन कर गौरीकुण्ड पहुंचा और जब वह बादल फटने के दौरान पानी में बह गया तो उसके लिये एक पहाड व पेड भगवान बनकर आये और उसे मौत के मुंह से बाहर निकाल ले आये। घनेन्द्र पहाडी के टकरा जाने से रूक गया और उसी वक्त एक पेड टूट कर आया जिसका तना उसके हाथ लग गया और तना उस पहाडी के किनारे अटका पडा रहा। ढाई घण्टे तक घनेन्द्र उस तने को पकडे रहा वहीं गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसने अपना आत्मविश्वास नहीं तोडा, उसी का फल रहा ज्योंही धीरे धीरे जल का बहाव धीरे हुआ तने के सहारे सहारे समतल जमीन के पास पहुंचा और लोगों ने देखकर उसे तत्काल बाहर निकाला। रेस्क्यू करने वालों ने घनेन्द्र को गर्म पानी से उसे सिकाव किया और



फेफडों में भरे पानी को निकाला, प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर जाने को कह दिया। लेकिन मित्र वहीं जो वहीं अपने मित्र की रक्षा करे। उसी के तहत वह अपने खोये हुए मित्र की गुमशुदगी लिखाई और वहां पर जमा रहा, जब बार बार अधिकारियों ने उसे पुन: घर जाने को कहा तो वह अधिकारियों के कहने पर नर्बस होकर ब्यावर लौट आया। उसने अपने मित्र के परिजनों को वस्तुस्थिति से स्पष्ट कराया और 1 अगस्त को लापता रूपिन सामरिया के पिता अमरचंद सामरिया अपने रिश्तेदारों के साथ केदारनाथ जाने के लिये निकले। लेकिन उन्हें सोनप्रयाग में ही रोक लिया गया।

रूपिन के पिता श्री सामरिया ने बढता राजस्थान से बात करते हुए कहा कि सोनप्रयाग से आगे के हालात बदतर होने के कारण हमें जाने नहीं दिया जा रहा हैं। पुलिस ने हमारे नाम पते पूछने के बाद बच्चे के बारे मे भी जानकारी ली। वहां पर तैनात अधिकारियों ने रेस्क्यू करने वालों को हुलिया बताकर पता करने का प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। 3-4 दिन रूकने के बाद श्री सामरिया भी उलटे पैर घर लौट आये। रूपिन के माता-पिता व अन्य परिजन अभी भी आशान्वित है कि वह घर लौटेगा।

# जल शक्ति अभियान की जॉइंट सेक्रेटरी ने किया जल संचयन संरचनाओं का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** तीन दिवसीय दौरे पर चूरू आई कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव एवं जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन 2024' की केन्द्रीय नोडल ऑफिसर हिना उस्मान व केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, जल शक्ति मंत्रालय जयपुर एवं तकनीक अधि. के वैज्ञानिक बी (भू-भौतिकी) डॉ प्रेमप्रकाश डूकिया ने बुधवार को चूरू जिले में निर्मित जल संचयन संरचनाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने चूरू तहसील के गांव लालासर, ढाणी रणवा एवं दूधवाखारा में वाटरशैड के अधिकारियों के साथ निर्मित टांका, जोहड़, फार्म पोण्ड, चारागाह इत्यादि का अवलोकन कर वाटर शैड के अधिकारियों से चूरू जिले में जल संचायन सरंचनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा वर्षा जल का अधिक से अधिक उपयोग किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उन्होंने दूधवाखारा स्थित पीएचसी पर महिलाओं से वार्ता करते हुए वर्षा जल का संचयन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नोडल अधिकारी हिना उस्मान ने बुधवार सवेरे जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में वाटर शेड, नगरपरिषद् चूरू, स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से निर्मित वर्षा जल संचयन संरचनाओं से संबंधित जानकारी केन्द्रीय नोडल ऑफिसर को उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के लिए जल संचयन के कार्यो में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान चलाया जाये। बैठक के पश्चात उन्होंने नगरपरिषद् आयुक्त अभिलाषा सिंह के साथ शेखावत कॉलोनी में निजी आवास पर निर्मित जल संचयन संरचना एवं गाजसर में निर्माणाधीन 3.50 एमएलडी एसटीपी एवं 07 एमएलडी (अपग्रेडेशन) एस.टी.पी, ताजूशाह तकिया निर्मित 1 एमएलडी व अग्रसेन नगर निर्मित 3.20 एमएलडी एसटीपी का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वन विभाग द्वारा आदर्श विद्या मन्दिर स्कूल के पीछे रतनगढ रोड़ पर पर विकसित नगर वन में दोपहर को आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत भाग लिया तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित महिलाओं को वर्षा जल के संचयन के लिए प्रेरित किया गया।

# विधायक कृपलानी ने किया एनीकट कम काजवे का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत मीनाणा क्षेत्र में मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान 2.0 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि योजना 2.0 मद से नवनिर्मित एनीकट कम काजवे का लोकार्पण पूर्व स्वायत शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, जिप सदस्य गब्बर सिंह अहीर, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत मंचासीन रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात पंचायत समिति मिनाणा के द्वारा अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य कर रही है, जिसका प्रतिफल राज्य की जनता को आने वाले कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा। कृपलानी ने कहा कि इसकी झलक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में भी दिखाई दी। मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र को भी कई बड़ी सौगतें दी है, जिन पर शीघ्र ही क्रियान्वयन शुरू हो कर धरातल पर नजर आएगी।

# एक पेड़ मां के नाम के साथ मनाया अमृत पर्यावरण महोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर ( नि.स. )।** बुधवार को शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में अमृत पर्यावरण महोत्सव के अंतर्गत के एक पेड़ माँ के नाम के नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने बताया कि राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज अमृत पर्यावरण महोत्सव के अंतर्गत विद्यापीठ के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर आज बनने जा रहे विश्व रिकॉर्ड में अपनी भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में लगाने के लिए एक पेड़ मां के नाम की भावना के साथ पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित अभिभावकों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं पालन पोषण का संकल्प लिया। कार्यक्रम संयोजक आनंद मीणा ने बताया कि आज 661 पौधे विद्यापीठ के द्वारा विद्यार्थियों के घरों में एवं विद्यालय परिसर में लगाए गए। कार्यक्रम में संस्था निदेशक वीणा गौड़, एकेदमी के प्रभारी आलोक सिंह,सुनील भोजक, दीपक सेन, संदीप दर्जी, अयूब रंगरेज, ललिता जांगिड़, रेनू मिश्रा, स्वाति वैष्णव, सोनू शर्मा, मोनिका सैनी, अंजलि पालीवाल, ममता सोनी, अर्चना चौधरी, ओम प्रकाश सुथार, प्रेमप्रकाश नाई, शोभा चारण, मीनाक्षी डीडवानिया ज्योति सोनी अनिल कुमार दिव्या सोनी वंदना वर्मा पूजा सोनी टीना शर्मा रायचंद आदि ने उपस्थित रहकर पौध वितरण में सहयोग किया।

# सरकार का संकल्प हो पूरा, संतान की तरह करें पौधों की देखभाल : गहलोत



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि हम सभी मिलकर सरकार के संकल्प को पूरा करें और पौधरोपण कर संतान की तरह उनकी देखभाल करें।

परिवेश को हरा भरा रखने के लिए सभी के सम्मिलित प्रयास आवश्यक हैं।

प्रभारी मंत्री गहलोत ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित नगर वन में हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 'हरियालो राजस्थान' कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, प्रभारी सचिव भास्कर ए सांवत, उद्यमिता एवं कौशल विकास मंत्रालय संयुक्त सचिव हिना उस्मान, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, फतेहचंद सोती, विक्रम कोटवाद, विमला गढ़वाल, मुरारीलाल, गुलझारी लाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने पौधे लगाकर पौधों की सार संभाल की जिम्मेदारी ली।

मंत्री गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। हम सभी संकल्पित होकर पौधों के साथ आत्मीय लगाव रखते हुए समुचित देखभाल करें। जिस प्रकार मां हमारा जन्म से लेकर बड़े होने तक पालन पोषण करती है, वैसे ही हम सभी पौधों का पालन पोषण करें।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू जिला मुख्यालय पर हरियाली तीज के अवसर पर सभी विभागों के सहयोग से 4000 पौधे लगाए गए हैं। हम सभी प्रयास करेंगे कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और इन पेड़ों की सुरक्षा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के संकल्प के साथ प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'हरियालो राजस्थान' अभियान कार्यक्रम अंतर्गत अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिया है।

इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य, पदमभूषण देवेन्द्र झाझड़िया, प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत, उद्यमिता एवं कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव हिना उस्मान, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव ने भी पर्यावरण का महत्व बताया तथा प्रधान दीपचंद राहड़, जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, ओम सारस्वत, वासुदेव चावला, बंसत शर्मा सहित अन्य ने भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएफओ भवानी सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शहरवासियों ने एक साथ 4000 पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल का संकल्प लिया। अधिकारियों द्वारा हरियालो राजस्थान एप पर पौधों की जिओ टैगिंग की गई।

इस दौरान एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, बंसत शर्मा, विमला गढ़वाल, फतेहचंद सोती, एसीईओ दुर्गा ढाका, एडीपीआर कुमार अजय, विक्रम सिंह कोटवाद, हेम सिंह, दौलत तंवर, नरेन्द्र काछवाल, रमेश शर्मा, दीनदयाल सैनी, महेश शर्मा, सुशीला लाटा, संदीप काजला, डीईओ गोविंद सिंह राठौड़, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज पर 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपुतली ( नि.स. )।** हरियाली तीज के अवसर पर ग्राम कांसली स्थित हिरोडा हनुमान मंदिर के पास 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' शीर्षक से जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2000 पौधे लगाए गए जिससे क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत पूरे जिले का पौधरोपण का टारगेट लगभग 10 लाख तथा हरियाली तीज पर 2 लाख 51 हजार पौधारोपण है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने कहा, वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने का महत्वपूर्ण कदम है। आज के इस अभियान के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपनी माताओं के प्रति सम्मान भी प्रकट कर रहे हैं।कार्यक्रम में विधायक हंसराज पटेल, जिला प्रभारी सचिव शिवप्रकाश नकाते,डीएम कल्पना अग्रवाल, एडीएम योगेश डागुर,आयुक्त धर्मपाल चौधरी, प्रशिक्षु जिला वन अधिकारी राहुल झांझडिया, एसडीएम बृजेश चौधरी सहित हज़ारों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं व बच्चे उपस्थिति रहें ।

## खर्रा आज आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. )।** राज्य के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा गुरूवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं और अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति व राहत और बचाव कार्यो की समीक्षा बैठक दोपहर 2 बजे ब्यावर में करेंगे।नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबरसिंह खर्रा के निजी सहायक सुभाष सिंह ने बताया कि श्री खर्रा 1:30 बजे ब्यावर पहुंचेगे तत्पश्चात 2 बजे मीटिंग हॉल में उक्त मामले को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। इस मौके पर श्री खर्रा अधिकारियों को जनता तक लाभ पहुंचाने की बात पर भी बात करेंगे।

# लापरवाही से कैम्पर गाड़ी चलाने वाला चालक दस्तयाब

## स्कूली बच्चों से भरी कैम्पर गाड़ी पलटने से एक बच्चे की मौत और दर्जनों बच्चे हुए थे घायल

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती गांव मेघसर के राजकीय विद्यालय के शिक्षक के सेवानिवृति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को भरकर लापरवाही करते हुए तेज गति से केंपर गाड़ी चलाने पर गाड़ी पलटने से एक बच्चे की मौत और दर्जनों बच्चों के घायल होने के मामले में पुलिस ने गाड़ी चालक को बुधवार को दस्तयाब कर लिया। थानाधिकारी अल्का बिश्नोई ने बताया की 31 जुलाई को मेघसर के सरकारी शिक्षक के सेवानिवृति कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक केम्पर गाड़ी में 30/40 स्कूली बच्चों को बैठाकर मेघसर गांव से धीरवास बड़ा लाया जा रहा था गाड़ी चालक द्वारा लापरवाही से तेज गति से गाड़ी चलाने पर गाड़ी पलटने से एक स्कूली बच्चे की मौत और दर्जनों बच्चों के घायल होने पर दर्ज मुकदमे में गाड़ी चालक मानसिह पुत्र छत्तूसिंह राजपूत निवासी मेघसर को दस्तयाब किया गया। उल्लेखनीय है कि घटना को लेकर मृतक व घायल बच्चों के परिजनो की ओर से स्कूल के ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था ।

जिस पर पुलिस ने मामले को गभीरता से लेते हुए थाना स्तर पर टीम गठित की। थानाधिकारी अल्का बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस थाना साहवा की टीम द्वारा आरोपी मानसिह पुत्र छत्तुसिंह राजपुत उम्र 34 वर्ष निवासी मेघसर को दस्तयाब किया गया।

# जिला प्रभारी मंत्री तथा प्रभारी सचिव ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर ली बैठक

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली बहरोड जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह (राजस्व, उपनिवेशन तथा सैनिक कल्याण राज्य मंत्री) तथा प्रभारी सचिव श्री शिव प्रसाद नकाते ने आज जिला कलेक्टर सभागार में परिवर्तित बजट 24-25 में की गई घोषणाएं, वित्त मंत्री महोदया द्वारा सामान्य वाद विवाद में की गई घोषणाएं, वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान की गई घोषणाओं को शीघ्र अमली जामा पहनाने के लिए जिला मुख्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया। विजय सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट के तहत की गई समस्त घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद संवेदनशील हैं तथा वह शीघ्रातिशीघ्र सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारकर आमजन को बजट घोषणाओं से लाभान्वित करवाने का ध्येय रखते हैं इसी बाबत उन्होंने सभी जिला प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को जिलों में भेज कर बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों जैसे भूमि चिन्हीकरण,भूमि आवंटन जैसे कार्यों में अधिक समय लगता है के कार्यों में शीघ्रता लाने के लिए निरंतर इसकी मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को निर्देशित किया गया है।

चौधरी ने बजट में की गई समस्त घोषणाओं का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखा तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली उन्होंने जिला प्रशासन तथा विभागों से बजट घोषणाओं में भूमि चिन्हीकरण तथा आवंटन में किए गए कार्यों को लेकर संतोष जाहिर किया तथा इसके लिए उन्होंने प्रभारी सचिव तथा जिला कलेक्टर को भूमि आवंटन तथा चिन्हीकरण में किए गए त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा की।इसके अलावा उन्होंने जिला प्रशासन से बजट घोषणाओं की क्रियान्वयन को लेकर यदि किसी भी प्रकार की समस्या जो राज्य सरकार के ध्यान में लाने योग्य है को शीघ्र अवगत करवाने के लिए कहा। उन्होंने उन बजट घोषणाओं के संबंध में जो राज्य स्तर से लागू करवाई जानी है के लिए राज्य स्तर पर बात कर उन पर शीघ्र कार्यवाही कर लागू करने के लिए आश्वासन दिया। कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने बजट घोषणाओं में की गई समस्त घोषणाओं के क्रियावान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।पटेल ने खनन क्षेत्र में पौधारोपण की संख्या को और बढ़ाने के लिए कहा।बैठक के दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल,अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर, बृजेश चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



हरियाली तीज पर पौधारोपण कार्यक्रम

# प्रभारी मंत्री ने लोगों से कहा- एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सावन की हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान अभियान की तहत बुधवार को जिले का मुख्य आयोजन बाड़ी की बिजौली ग्राम पंचायत में किया गया। इस आयोजन में प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी के साथ पौधारोपण किया और आमजन से अपील की। वह अपनी मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाए और उसके बड़े होने तक उसकी देखभाल करें। इस दौरान जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि आज पर्यावरण बिगड़ रहा है। पृथ्वी की रक्षा कवच ओजोन परत में छेद हो गया है और हर स्थिति में जीवन के लिए खतरा पैदा होने लगा है। जिसको लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आवाहन किया है कि हर आमजन एक पौधा अपनी मां के नाम लगाए। इस आह्वान को राज्य के सीएम भजनलाल ने प्रमुखता से लिया है। ऐसे में पूरे प्रदेश में पौधारोपण का यह कार्यक्रम चलाया है। जिसमें आज हरियाली तीज के अवसर पर जिले के बाड़ी ब्लॉक के बिजौली ग्राम पंचायत में यह आयोजन रखा है। यहां जितने भी पौधे लगाए जाएंगे ग्रामीणों से प्रार्थना है कि वे उन पौधों की देखभाल करें। कार्यक्रम के दौरान बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने भी लोगों से पौधारोपण जरूर करने की अपील की। जनसंख्या के हिसाब से आज पेड़ नहीं बचे है। ऐसे में उनकी संख्या बढ़ाना बेहद जरूरी है। इस दौरान राजाखेड़ा की भाजपा प्रत्याशी रही नीरजा अशोक शर्मा, धौलपुर प्रत्याशी डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, बसेड़ी के पूर्व विधायक सुखराम कोली ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धौलपुर कलेक्टर श्री निधि बीटी ने की। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के साथ बिजौली ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन मौजूद रहे।रिमझिम बारिश ने भी दिया साथ हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण के कार्यक्रम में रिमझिम बारिश ने भी अपना साथ दिया। बिजौली ग्राम पंचायत में पौधारोपण के लिए आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बाड़ी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, तहसीलदार मोहम्मद हनीफ के साथभाजपा के पदाधिकारी और कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता राजेश कुमार शर्मा ने किया।

# अमृत पर्यावरण महोत्सव अभियान को धूमधाम से मनाया

## पेड़ धरती के श्रृंगार हैं अतः सभी को पेड़ लगाने चाहिए : मदनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पचगांव धौलपुर में अमृत पर्यावरण महोत्सव 'एक पेड़ देश के नाम' अभियान को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अभियान के तहत दिनांक 7 अगस्त 2024 को स्थानीय बालिका पचगांव विद्यालय में 600 पेड़ सड़क किनारे, सार्वजनिक पार्क पर लगाये गए, स्थानीय विद्यालय के द्वारा अब तक 1550 पेड़ लगाये जा चुके हैं इस मौके पर पचगांव के प्रत्येक घर में लगाने के लिए पेड़ बांटे गए। इस मौके पर महिलाओं के द्वारा हरियालो राजस्थान से संबंधित प्रेरक गीत व भजन गाए गए, इस अवसर पर पूरे गांव का वातावरण उत्सवमयी हो गया था। यहां पूर्व सरपंच अनुराग मुद्गल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए धरती पर वृक्षों का होना बहुत जरूरी है पेड़ लगाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए तथा देश के नाम सभी को कम से कम 10 पेड़ लगाने चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल शर्मा ने कहा कि पेड़ धरती का श्रंगार माने जाते हैं इन्हें लगाने से तापमान में कमी, मिट्टी के कटाव को रोकना एवं वर्षा होने में लाभदायक है, इन्होंने सरकार की इस पहल को श्रेष्ठ बताते हुए सभी को पेड़ लगाने हेतु जागृत किया। वरिष्ठ अध्यापक हेमंत शर्मा व अरूण कुमार छारी ने संयुक्त रूप से कहा कि राजस्थान प्रदेश में सघन वृक्षारोपण की अत्यंत आवश्यकता है ताकि मरुधरा की पहचान वाली वीर भूमि राजस्थान को हरी-भरी परिवर्तित किया जा सके। इस अभियान में व्यापक जनसहभागिता बनाने के लिए एसडीएमसी -एसएमसी सदस्य,पीटीए सदस्य, ग्रामीण अभिभावक, स्वयंसेवक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग, समाजसेवकों एवं विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर यहां पूर्व सरपंचअनुराग मुद्गल, प्रमोद मुद्गल अध्यक्ष नहर परियोजना, राजू मुद्गल ,नवल किशोर, बबलू ,सुधीर ,मदनलाल मुद्गल ,प्रवीण कुमार, पप्पी, रमाकांत तथा विद्यालय स्टाफ से प्रधानाचार्य मदनलाल शर्मा, हेमलता सारस्वत ,हेमंत शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, ज्वाला प्रसाद त्यागी ,अरुण कुमार छारी, गंगाराम गुर्जर, रमाशंकर गुप्ता, विजेंद्र कुमार चौधरी,सुष्मिता सिंह, कमलेश कुमारी, महादेवी बघेला, रूपम शर्मा , मनोरमा ,रश्मि कुमारी, पंकज कुमार, बृजलता आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जायेगा देश की स्वाधीनता का समारोह, तैयारियों को लेकर एसडीएम की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( नि.स. )।** उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शहर के पंचायत समिति सभागार में उपजिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा ने कहा कि उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह परंपरागत एवं गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाएगा। आयोजन से जुड़े अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का उपखंड स्तरीय कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला बाड़ी में सुबह 9 बजे आयोजित होगा। जहां पर झंडारोहण किया जाएगा। उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल पर बैठक, पेयजल,टेन्ट, साउंड सिस्टम ,निमंत्रण पत्र,सुरक्षा, बैरिकेडिंग, परैड सहित सभी तैयारियों की पूर्व ही तैयारियां कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि समारोह में झंडारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन होगा। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में बैठक एवं सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका को जिम्मेदारी दी गई।उप जिला कलक्टर मीणा ने कहा कि बारिश की संभावना को देखते हुए पूर्व में ही सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

उपजिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त को सभी राजकीय भवनों व अन्य प्रमुख स्थलों पर रोशनी की व्यवस्था करने के लिए भी नगर पालिका ईओ रविन्द्र सिंह को निर्देश दिए। राष्ट्रीय पर्व तथा इसकी पूर्व संध्या पर शहर में सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा और भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने पर भी चर्चा की गई। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आवेदन भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समारोह के सफल संचालन के लिए कार्य करते हुए दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें।

इस दौरान बैठक में तहसीलदार मोहम्मद हनीफ, बाड़ी कोतवाल शिवलहरी मीणा, सीबीईओ दाऊदयाल शर्मा, बाड़ी नगर पालिका ईओ रविंद्र सिंह, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी गब्बर सिंह मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल हरिओम सिंह सिकरवार, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल विनोद शर्मा, पीएमओ हरिकिशन मंगल, विद्युत विभाग जेईएन आयुष गुप्ता, जेईएन नागेंद्र सिंह परिहार, उपखंड कार्यालय से विक्रांत मिश्रा, राकेश शर्मा, नगर पालिका सफाई प्रभारी सीताराम शर्मा, लक्ष्मी स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की,की गई शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के निर्देशों के अनुसार सभी राजकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में हरियालो राजस्थान (एक पेड़ मां के नाम )कार्यक्रम के तहत बृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शहर के निजी विद्यालय लक्ष्मी शिक्षा निकेतन स्कूल में विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य लक्ष्मी नारायण शर्मा ने विद्यालय परिसर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आर पी सुरेश भारद्वाज के मुख्य आथित्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# मिशन श्वास के तहत डब्लू आर आर सी ने किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** डब्लू आर आर सी मिशन सांस के तहत वृक्षारोपण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल ठेकड़ा विजय मंदिर पर किया गया । टीम के अध्यक्ष विवेक जसाइवाल ने बताया की डब्लू आर आर सी टीम हर वर्ष मिशन सांस के तहत जिले में वृक्षारोपण करती आई है । टीम पिछले कई वर्षो से वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है । कार्यक्रम में कमांडेंट अंजली अजीत जोरवाल मैडम , इंस्पेक्टर जितेंद्र नवारिया सर , सब इंस्पेक्टर केसुराम चौधरी जी व प्रहलाद सैन जी , हेड कांस्टेबल बलवीर सिंह जी व सतीश यादव जी , व टीम के सचिव सूरज राजपूत , सजन मल्होत्रा और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु साथ रहे ।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने किया, सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर अध्यक्ष सतीश चंद के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की सचिव एडीजे रेखा यादव ने जिले में पीड़ित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# जिला कारागार में लगाए फलदार व छायादार 160 पौधे

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राज्य सरकार के आदेशानुसार बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर रेवती वेलफेयर सोसायटी, अलवर, गायत्री परिवार, अलवर एवं पंजाब नेशनल बैंक, अलवर के सौजन्य से केन्द्रीय कारागृह अलवर परिसर में 160 फलदार, छायादार पौधे लगाये गये। रेवती वेलफेयर संस्था द्वारा 100- छायादार एवं फलदार पौधे कारागृह में लगवाये गये तथा 50 पौधे गायत्री परिवार संस्था तथा 10 पौधे पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा लगवाये गयें। इस दौरान कारागृह अधीक्षक शिवेन्द्र शर्मा, रविन्द्र उपाध्याय (कारापाल), सचिन कसाना (उपकारापाल प्रशिक्षु), रामफूल जग्रवाल (अति. प्रशासनिक अधिकारी) एवं समस्त अधिनस्थ जेल स्टॉफ सहित रेवती वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहित शर्मा, सदस्य पायल शर्मा, सदस्य लक्ष्मणराम, एवं सदस्य हरिप्रसाद मौजूद रहे। जेल स्टॉफ द्वारा वृक्षारोपण कर पौधो की देखरेख एवं जीवित रखने तथा भविष्य में भी इस प्रकार वृक्षारोपण कार्यक्रम करने एवं कारागृह परिसर को हरा-भरा बनाये रखने का संकल्प लिया गया।

# यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन संस्थान में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** यूनिक ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन संस्थान बहरोड में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था चैयरमैन सुमित यादव ने बताया कि भारतवर्ष त्योहारों का देश है इन्हीं त्योहारों की श्रृंखला में श्रावण मास में आने वाली हरियाली तीज को संस्था प्रांगण में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें छोटे बच्चों द्वारा पतंग बनाकर व सुंदर-सुंदर पेंटिंग्स बनाकर क्रियाकलापों को दर्शाया गया तथा प्राइमरी ब्लॉक के विद्यार्थियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता भी की गई और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। यूनिक परिवार इसी प्रकार से सभी त्योहारों को समय-समय पर इसी प्रकार से बड़ी धूमधाम के साथ हर वर्ष मनाता आया है।इस अवसर पर चैयरमैन सुमित यादव, प्रधानाचार्य निरंजन लाल यादव, नरेंद्र यादव , धर्मवीर शास्त्री, कृष्ण कुमार, कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार, आशा शर्मा सुषमा कुमारी संगीता चौधरी सपना शर्मा तेजपाल यादव सहित बच्चों के अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

# डीपीडब्ल्यूएस में हुआ बरसात के मौसम में सुरक्षा जागरूकता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को 'बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं के खतरों से कैसे बचा जाए' को लेकर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों और खंभों से जुड़े जोखिमों से बचने के लिए छात्रों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक का उद्देश्य सभी छात्रों को यह सुनिश्चित करना था कि बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं से कैसे बचें और सुरक्षित रहें। नाटक में दर्शाया गया कि अक्सर बरसात के मौसम में बिजली के खंभों, तारों और घरेलू बिजली के उपकरणों से जुड़ी दुर्घटनाएँ होती हैं। ऐसे में छात्र सतर्क रहें और खुद, अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें।


# लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 'हरियालो राजस्थान' कार्यक्रम के तहत 693 पौधे लगाए



बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। कस्बे लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीज के अवसर पर 'हरियालो राजस्थान' कार्यक्रम के तहत बुधवार को 693 पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाना था।प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानसून के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जैव विविधता की आवश्यकता पर जोर दिया।

# पीकेसी-ईआरसीपी की नई डीपीआर से योजना में होगा बदलाव


फाईल फोटो

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** हाड़ौती संभाग में बहने वाली नदियों के एक्सिस पानी को राजस्थान के दूसरे इलाके में पहुंचाने के लिए चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट बनाई गई है।

इस योजना में भाजपा सरकार की आरे से कुछ बदलाव किया जाना प्रस्तावित है। अगर सबकुछ योजना अनुसार चला, तो इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिल सकता है। योजना की फाइनल डीपीआर राज्य सरकार दिल्ली में बनवा रही है। जिसमें नेशनल वाटर डेवलपमेंट अथॉरिटी कार्य कर रही है। हालांकि नई बन डीपीआर में इससे जुड़ने वाले बांध और तालाबों की संख्या बढ़ सकती है। पहले जहां पर 90 बांध और तालाब इससे जोड़े जा रहे थे। अब यह संख्या बढ़कर 158 हो सकते हैं। ऐसे में नई डीपीआर को सेंट्रल वाटर कमीशन से अप्रूवल के लिए भेजा जाना है। सब कुछ ठीक चलता रहा, तो यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय परियोजना घोषित हो सकता है। जिसमें 90 फीसदी अनुदान केंद्र सरकार देगी, जबकि राज्य सरकार को 10 फीसदी ही वहन करना होगा।

हालांकि राज्य सरकार ने फेज वन के पहले पैकेज के टेंडर जारी कर दिए थे, जिनके अवार्ड भी हो गए हैं। इसके तहत 2266 करोड़ में 2 डैम और नोनेरा बांध में पंपिंग स्टेशन स्थापित होना है। इस पहले पैकेज की खास बात यह है कि राज्य सरकार ने इसे तेलंगाना की हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को हाइब्रिड अनन्युटी मॉडल के आधार पर दिया है। जिसमें निर्माण पूरा होने तक फर्म को केवल 40 फीसदी पैसा मिलेगा। शेष 60 प्रतिशत पैसा उसे 20 साल तक 3 फीसदी प्रति साल के हिसाब से मिलेगा। हालांकि जब यह राष्ट्रीय परियोजना घोषित हो जाएगी, तो इसकी टेंडर की शर्तों में भी बदलाव किया जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नई डीपीआर में काफी बदलाव हो सकते हैं। योजना को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पहले फेज के पैकेज-1 के ही टेंडर अवार्ड किए गए हैं। नई डीपीआर के बाद शेष कार्य के टेंडर किए जाने हैं।

राज्य सरकार ने पीकेसी-ईआरसीपी के तहत होने वाले निर्माण की फाइनल डीपीआर बनवा रही है। यह कार्य भी दिल्ली में नेशनल वाटर डेवलपमेंट अथॉरिटी करवा रही है। इसमें काफी कुछ बदलाव किए जा रहे हैं। जिसके बाद ही पहले फेज के पहले पैकेज में दो डैम बनाने के टेंडर किए गए हैं।इसके साथ ही नोनेरा बैराज में भी पंपिंग हाउस बनना है. यह 2266 करोड़ रुपए में होना है। इसके अलावा पहले फेज के दूसरे पैकेज में 1807 करोड़ और तीसरे पैकेज 3914 करोड़ के टेंडर होने शेष हैं।

पहले फेज के शेष दो चरण की डिजाइन में हो सकता है बदलाव- नौनेरा डैम से चंबल नदी तक 6.5 किमी फीडर, 2.280 मीटर लम्बा चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट (पानी ले जाने का पुल), चंबल क्रॉस करने के बाद मेज नदी तक 13 किमी फीडर बनेगा. तीसरे पैकेज में मेज व गलवा बैराज पर पंप हाउस व मेज नदी से गलवा डैम तक 28.5 किलोमीटर का फीडर बनेगा. वहीं गलवा से बीसलपुर तक 67 किमी व ईसरदा तक 31 किमी का फीडर बनेगा। हालांकि इनके अभी टेंडर नहीं हुए हैं। इसलिए फाइनल डीपीआर में बदलाव किया जा सकता है।

## प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए तैयार करें रोड़मैप : प्रभारी सचिव टी. रविकांत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** जिला प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, आपदा प्रबंधन व मौसमी बीमारियों की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए त्वरित गति से कार्य हो। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 के क्रियान्वयन के लिए विभागों की तैयारी एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संभाग एवं जिला स्तर की बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए कितने टाइम पीरियड में कौन-कौन से कार्य होंगे इसका खाका तैयार किया जाए। जिला प्रभारी सचिव ने संभाग मुख्यालय पर स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स योजना के तहत प्रत्येक जिले में प्रचलित खेल की अकादमी स्थापित करने संबंधी बजट घोषणा के लिए भूमि उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कोटा में स्टोन मंडी की स्थापना एवं वर्तमान स्टोन क्लस्टर के उन्नयन, संभाग मुख्यालय पर लड़कियों के लिए सैनिक स्कूल खोलने की बजट घोषणा के लिए भूमि चिन्हिकरण एवं प्रस्ताव तैयार करने, दीगोद एवं चेचट में महाविद्यालय खोलने, नशा मुक्ति केन्द्र की स्थापना, संभाग स्तर पर वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों के लिए स्वयं सिद्ध आश्रम की स्थापना, रामगंजमंडी में महिला पुलिस थाना खोलने, सुकेत रोड़ रामगंजमंडी में नवीन पुलिस चौकी स्थापित करने, भामाशाह कृषि उपज मंडी कोटा के विस्तार, सीएचसी काशीपुरी (सांगोद) को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, सीएचसी इटावा एवं रामगंजमंडी को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, मांदलिया (लाडपुरा) पशु चिकित्सा उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, केटल फीड प्लांट स्थापित करने सहित अन्य बजट घोषणाओं को क्रियान्वित करने के लिए अभी तक की गई तैयारियों एवं भूमि आवंटन के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन से संबंधित राज्य स्तरीय मामलों को विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत् रूप से जयपुर जाकर प्रक्रिया पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ कोटा से सीएचसी-पीएचसी के निरीक्षण के बारे में पूछा तथा डेंगू एवं मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए पर्याप्त दवाएं एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून को देखते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, ट्रांसफार्मर को निश्चित ऊंचाई पर रखने एवं विद्युत जनित हादसों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग से इन्वेस्टर समिट की जानकारी लेते हुए पूर्व में दिए गए निर्देशों की पालना करने के लिए कहा। प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी फाइलें ई-फाइल के माध्यम से ही भेजी जाएं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक करण शर्मा, उप वन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णा शुक्ला, एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, माइनिंग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकने में सामाजिक संगठनों की भूमिका अहम

## विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन एवं अभिनंदन समारोह सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रोटरी क्लब कोटा, इनरव्हील क्लब कोटा, ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इण्डिया, भारतीय शिशु अकादमी हाडौती शाखा, स्काउट गाइड, मेडिकल कॉलेज एवं संलग्न चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे स्तनपान सप्ताह का बुधवार को समापन समारोह रोटरी बिनानी सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सीबी दास गुप्ता थे। वहीं मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ. संगीता सक्सेना, रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष मुकेश व्यास, सचिव घनश्याम मूंदडा, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष चारू जैन, सचिव नीता जैन, पूर्व विधायक पूनम गोयल, प्रोजेक्ट चेयरमैन रेखा सिंह एवं पूर्व मण्डल सचिव स्काउट यज्ञदत्त हाडा भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. सीबी दास गुप्ता ने माताओं को स्तनपान करवाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने व उनके समाधान के लिए सामाजिक संस्थाओं के सहयोग की आवश्यकता बताई। डॉ. सीबी दास ने कहा कि स्तनपान नहीं करा पाने के कारण प्रतिवर्ष 1 लाख बच्चों की मृत्यु और 10 हजार माताओं में स्तन कैंसर हो जाता है। मुख्य अतिथि डॉ. संगीता सक्सैना ने डिब्बा बंद दूध का ना कहने और मां क दूध को हां कहने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को 2 से 2.5 वर्ष की आयु तक स्तनपान करवाने की सलाह दी। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत बागला एवं डॉ. अविनाश बंसल, डॉ. आरएस गुप्ता, डॉ जीसी जैन ने भी स्तनपान की उपयोगिता बताई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बच्चों में मां दूध पीने से होने वाले लाभ बताए। मुख्य समन्वयक यज्ञदत्त हाडा ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि शहर की 31 से अधिक सामाजिक संस्थाओं की ओर से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम आयोजित किए गए।सभी ने वर्ष पर्यन्त मां का दूध सर्वोत्तम आहार है अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं और क्लबों की ओर से राजकीय, निजी विद्यालय, महाविद्यालय व नर्सिग कॉलेजों में पेंटिंग, क्वीज, नारा लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

जिनमें विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यकम में रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, कोटा राउड टाउन, इनरवहील क्लब कोटा नोर्थ, चाइल्ड लाईन, सृष्टि सेवा समिति राजकीय व निजी नर्सिंग कॉलेज तथा अन्य सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष, सचिव व पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूनम गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले युवा : ओम बिरला

## सिंधु यूथ सर्कल व सिंधी समाज के युवाओं ने लोकसभा अध्यक्ष से भेंट की

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** सिंधु यूथ सर्कल एवं सिंधी समाज के युवाओं ने लोकसभा अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनसे मुलाकात की। कोटा के सिंधी समाज के युवाओं ने संसद का भ्रमण किया, युवाओं ने संसद भ्रमण के दौरान कहा कि इतना सुंदर और भव्य भवन हमारे गौरव का प्रतीक है, इसे देखकर मन में देशभक्ति के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मुलाकात की। वहीं उन्होंने राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से भी मुलाकात की। मंत्री नागर ने सिंधी समाज के युवाओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आगे आने और सौर उर्जा के क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सिंधी समाज के युवाओं से चर्चा की और युवाओं का रुझान किस व्यापार की और है, इस पर भी उनसे बात की। बिरला ने उन्हें बताया कि केन्द्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो युवाओं को नई दिशा दे रही है, उनके व्यापार में मदद कर रही है, स्टॉर्टअप में भी केन्द्र सरकार मदद कर ही हैं जिससे लाखों युवा रोजगार से जुड़कर देश सेवा कर रहे हैं। दीपक राजानी के नेतृत्व में युवाओं ने बताया कि उनका रुझान व्यापार में तो है ही सही लेकिन अब सिंधी समाज का युवा प्रशासनिक क्षेत्र के साथ ही नए-नए स्टार्टअप और केंद्र सरकार की योजनाओं से मिल रहे लाभ के कारण भी आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर ओम बिरला का युवाओं ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान युवाओं ने ओम बिरला को अवगत कराया कि सिंधी समाज देश हित में निरंतर आगे बढ़ रहा है और समाज सेवा कार्य भी कर रहा है। ऐसे में उनके योगदान को कोटा शहर में सराहा जा रहा है। इस अवसर पर सिंधु यूथ सर्कल के दीपक राजानी, कमल खत्री, दिनेश सुखेजा, विजय कुमार झमटानी, योगेश रोहिडा, तरुण कुमार चेनानी, गिरीश बनवानी, हितेश दासवानी, आकाश धनवानी, निखिल आडवाणी, राकेश कुमार, पंकज हरचंदानी, राकेश साधवानी, सतीश छाबड़ा, विजय पंजवानी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# नपा क्षैत्र कपासन में हरियालो राजस्थान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका क्षैत्र में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ किया गया। नपा कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया एवं ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नन्दकिशोर टेलर द्वारा पौधारोपण कर हरियालो राजस्थान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय, पुष्पा वैष्णव,गोपाललाल पुर्बिया,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक नंदलाल मेनारिया,स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,सचिन सोनवाल,स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली, शांतिलाल खटीक,शकील मोहम्मद, जगदीश छापरवाल,विजय कोदली,नरेगा जेटीए रोहित पंचोली,रोशन शर्मा,एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग,प्रियंका गर्ग,प्राची डिडवानिया,रोजगार सहायक सुनिता शर्मा,सौरभ बारेसा,राजकुमार खटीक,ललित पंवार आदि पालिका कार्मिक उपस्थित रहे। इधर राज्य सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत हरियाली तीज पर पीएम श्री महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओ एवं विद्यालय स्टाफ सहित गणमान्यजनों द्वारा वृक्षारोपण किया तथा पौधो के बीज वितरित किए गये।युवा समाजसेवी विकास बारेगामा ने बताया कि इस दौरान एसडीएमसी सदस्य अशोक चंडालिया,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामसिंह चुंडावत, कार्यवाहक प्रिंसिपल सुमेर सिंह,वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी अश्विनी कुमार सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज पर होमगार्ड जवानों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** हरियाली तीज के अवसर पर गृह रक्षा उपकेंद्र पर होमगार्ड जवानों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार हरियाली तीज एवं बरसाती मौसम में विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेशभर में जारी सघन पौधारोपण के तहत बुधवार को राजस्थान होमगार्ड के गृह रक्षा उपकेंद्र कपासन पर उपकेंद्र प्रभारी आशा कंवर की अगुवाई में उपस्थित होमगार्ड के जवानों द्वारा हरियाली तीज पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कपासन में पौधारोपण किया गया।

# रिसोर्ट में काम कर रहे युवक की मौत परिजन बोले- दुकान पर काम करता था, मजदूरी करने कैसे गया; मुआवजा मांगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बपावर कला थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की है। परिजनों ने करंट लगने की आशंका जताई। सांगोद हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर सुबह से ही परिजन आर्थिक मदद व मामले की निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हैं। मौत के कारणों की जांच के लिए अब मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। राकेश (19) बपावर का निवासी था।

### काम करते हुए हुआ बेहोश

चाचा सत्तू ने बताया कि राकेश मंगलवार को कस्बे के मेगा हाईवे किनारे एक रिसोर्ट में काम कर रहा था। दोपहर 2 बजे मौके पर राकेश अचेत हो गया। वहां मौजूद लोग उसे इलाज के बपावर हॉस्पिटल लाए। उस वक्त तक परिजनों को कोई सूचना नहीं दी गई। पता लगने पर परिजन बपावर हॉस्पिटल पहुंचे। वहां से राकेश को सांगोद हॉस्पिटल लाए। शाम 4 बजे राकेश को मृत घोषित किया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार की घटनाओं के खिलाफ प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** सर्व व्यापार मंडल निंबाहेड़ा द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, नरसंहार, उनके घरों, दुकानों तथा हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़, बलात्कार, आगजनी के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सर्व व्यापार मंडल ने बांग्लादेश सहित विश्व में हिंदू जहां भी प्रताड़ित हो रहे हैं, उन्हें भारत में शरण देकर भारत की नागरिकता, स्थायी आवास, आर्थिक सहायता देने व भारत देश में अशांति फैलाने वाले तत्वों व उनकी हिमायत करने वाले दलों पर भी कठोर कार्यवाही कर उनकी नागरिकता, वोटिंग पावर व पार्टी की वैधता समाप्त करने व अवैध घुसपैठियों को बलपूर्वक देश से बाहर निकालने की मांग की। इस अवसर पर सर्व व्यापार मंडल संरक्षक नानालाल भूतड़ा, सुरेंद्र मारू, कुशाल सिंह बोडाना, सुरेश अग्रवाल, भजन जिज्ञासु, अध्यक्ष पुष्कर सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बंसीलाल जीवनानी, राजेश बहरानी, अभय नलवाया, अम्मार हुसैन बोहरा, सुरेश आगार, शिवप्रकाश पलोड़, कैलाश चंद्र शर्मा, हर्ष आगार, अरविंद राठी, रवि ओझा, दिनेश पहाड़िया, अनुराग अग्रवाल, अंकित जैन, गौरव अग्रवाल, नाहर सिंह देवड़ा, राजू राजोरा, विनायक आचार्य, प्रशांत सिंह, नारायण सोनी, राजीव कसेरा, चांदमल प्रजापत सहित कई गणमान्यजन व व्यापारीगण मौजूद रहे।

# सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया निरीक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान अन्तर्गत किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी, ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा बुधवार को पीड़ित महिलाओं को ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर पर उपलब्ध चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, आश्रय एवं काउन्सलर सुविधा आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा व सखी वन स्टॉप सेन्टर के कर्मचारीगण द्वारा पौधारोपण किया गया।


RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# सीएम भजनलाल ने किया विधायक सेवा केंद्र का एप लांच

## बोले- सभी विधायकों को बनाने चाहिएं ऐसे एप, जिससे जनता बता सके समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**श्रीगंगानगर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर में सीएम निवास पर श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी के विधायक सेवा केंद्र के एप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और अन्य विधायक मौजूद थे। सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायक बिहाणी के इनोवेशन की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस तरह के डिजिटल एप बनाने चाहिए। इस तरह के एप के जरिए प्रदेश के लोग अपने विधायकों को शिकायतों और समस्याओं से रूबरू करवा सकेंगे। आने वाले समय में राजस्थान के नागरिकों को काफी लाभ होगा। विधायक बिहाणी ने बताया कि विधायक सेवा केंद्र डिजिटल एप पर शहर के लोग श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबधित किसी भी प्रकार की शिकायत, सहायता एवं सुझाव दर्ज करवा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहाणी विधायक बनने के बाद से ही विधायक सेवा केंद्र का संचालन कर रहे हैं। केंद्र में आने वाले तमाम लोगों की शिकायत, सहायता और सुझावों को दर्ज कर उन्हें संबंधित विभागों में भिजवाया जाता है तथा समस्याओं का समाधान किया जाता है।



# उद्धव बोले- बांग्लादेश में जनता की अदालत का फैसला हुआ

## हिंदुओं को बचाने मोदी-शाह को वहां जाना चाहिए; खुर्शीद बोले- भारत में भी ऐसा हो सकता है

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद बने हालात पर विपक्ष केंद्र सरकार को घेर रहा है। शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने बुधवार, 7 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जनता की अदालत सबसे बड़ी है। सरकार को लोगों के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करना केंद्र की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी और अमित शाह को वहां जाना चाहिए। उधर, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के एक बयान पर भी विवाद हो रहा है। उन्होंने देर रात कहा कि बांग्लादेश में जो हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, वे भारत में भी हो सकते हैं। उद्धव ने आगे कहा कि हमें देखना होगा कि दूसरे देशों में क्या हो रहा है। बांग्लादेश से पहले इजराइल और श्रीलंका में भी इसी तरह का विरोध-प्रदर्शन देखा गया था। आरक्षण के मुद्दे पर भारत में बांग्लादेश जैसे हालात ना हो, इसके लिए सरकार को संसद में बातचीत करनी चाहिए।

# 'निशाने पर हिंदू, सनातन को बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा', बांग्लादेश संकट के बीच बोले सीएम योगी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में उठापटक का दौड़ लगातार जारी है। वहां शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हो गया है। इसके बाद लगातार हिंसा जारी है। इस हिंसा में कई लोगों की मौत भी हुई है। साथ ही साथ कई जगहों पर हिंदुओं के मंदिरों पर हमला किया गया है। हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहे हैं। भारत सरकार ने भी इन तमाम मसले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ा बयान दिया है। हालांकि, अपने बयान में उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। लेकिन कहीं ना कहीं उनका इशारा बांग्लादेश की परिस्थितियों की ओर था।

बांग्लादेश का बिना नाम लिए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिंदुओं को खोज कर मारा जा रहा है। हमें इतिहास से सीख लेना होगा। एक होकर संकल्प के साथ काम करना होगा। आज अयोध्या वासी को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है। सम्मान मिले इसके लिए सम्मान सुरक्षित करना होगा।

## बांग्लादेश मुद्दे पर बोलीं महबूबा मुफ्ती

# तानाशाही लंबे समय तक नहीं चलती, हमारे देश को लेना चाहिए सबक

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश मुद्दे पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ और हो रहा है, मुझे लगता है कि हमारे देश को उससे सबक लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जब आपके पास एक बड़ी युवा आबादी होती है और आप उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं- जब उन पर महंगाई और बेरोजगारी की मार पड़ती है, तो इस तरह की स्थितियां पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण कमजोर वर्ग के लिए अच्छा है, लेकिन यह जनसंख्या के अनुपात में होना चाहिए। हमें यह सबक लेना चाहिए कि तानाशाही लंबे समय तक नहीं चलती। पूर्व सीएम ने कहा कि जब आप ऐसी नीतियां और कानून लाते हैं जो लोगों के खिलाफ हैं और धैर्य की सीमा टूट जाती है, तो आपको शेख हसीना की तरह बचना होगा। विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के संबंध में, हमें बांग्लादेश से सबक लेना चाहिए - जहां युवाओं के पास बहुत सारे मुद्दे हैं, इसके अलावा युवा असहाय महसूस करते हैं जैसा कि बांग्लादेश में हुआ था।

# मथुरा में मुख्तार का शूटर एनकाउंटर में ढेर

**मथुरा।** मथुरा में एसटीएफ ने पुलिसकर्मी की हत्या के आरोपी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बदमाश का नाम पंकज यादव था। वह मुख्तार और शाहबुद्दीन गैंग का शॉर्प शूटर था। पंकज पर एक लाख का इनाम था। काफी वक्त से फरार था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया- एनकाउंटर बुधवार सुबह 4 बजे मथुरा-आगरा हाइवे पर फरहा थाना क्षेत्र में हुआ। मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंकज अपने एक साथी के साथ बाइक से आगरा की तरफ जा रहा है। एसटीएफ ने घेराबंदी की तो वह गांव की तरफ भागने लगा और फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें पकंज को तीन गोलियां लगीं। एक गोली उसके पैर में, दूसरी कमर पर और तीसरी गोली सिर पर लगी है। वहीं, उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पंकज को जिला अस्पताल लाया गया।





## शाही अंदाज से निकली तीज माता की सवारी

# तीज महोत्सव राजस्थान की पहचान है, नयी पीढ़ी भी करें सहभागिता : दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीज महोत्सव की प्रदेशवासियों को शुभकामनायें और बधाई देते हुए कहा कि तीज महोत्सव राजस्थान की अनूठी पहचान है। बदलते समय के साथ हम नवाचार कर रहे है जिस से ना केवल पर्यटक आकर्षित हो बल्कि हमारी नयी पीढ़ी भी त्योहार को चाव से मनाये। इस बार मनाया गया तीज का उत्सव इसी का प्रतीक है कि बड़ी संख्या में जयपुर शहर वासियों ने तथा देशी-विदेशी पर्यटकों ने तीज माता की सवारी महोत्सव में सहभागिता की है। वहीं पर्यटन विभाग के द्वारा नवाचारों करते हुए इस बार विभागीय वैवसाइट व विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउन्ट्स पर लाइव स्ट्रीमिंग की गई है। जिससे बड़ी संख्या में दर्शकों ने घर बैठे ही सजीव प्रसारण देखकर तीज त्यौहार का आनंद लिया है।



सिटी पैलेस से निकाली तीज माता की सवारी

सावन की रिमझिम फुहारों के बीच तीज की सवारी पूरे हर्ष उल्लास के साथ सिटी पैलेस से निकाली गई। इस बार शोभा यात्रा में आएसी व जैल बैंड द्वारा प्रस्तुतियों से वातावरण गुंजायमान हो गया। दर्शक भी तीज की सवारी देख झूमते हुए दिखाई दिए। लोक कलाकारों द्वारा जनानी ड्योढ़ी, छोटी चौपड़ व ताल कटोरा तक मार्ग पर तथा मार्ग में बनाए गए मंचों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। जिसे देखकर दर्शक झूम गए और समूचे उल्लास व जोश के साथ एक-एक प्रस्तुति का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। ढ़ोल नंगाडों की गूंज से सभी मन्त्रमुग्ध हो गए। लगातार हो रही रिमझिम में भी न तो दर्शकों का उत्साह कम हुआ और न ही कलाकारों कला प्रदर्शन का जूनून। कलाकारों ने एक एक से बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर वातावरण को अद्भुत और भव्य बना दिया। शाही हाथी, सजे हुए ऊंट और उन पर सवार लंबी-लंबी मूँछ लहराते राजस्थानी वेशभूषा में पुरुष, घोड़े, शान से सजी हुई पालकिया, देवी देवताओं का रूप धारण किए हुए बहुरुपियों के साथ ही उछल कूद करते बन्दर रूपी बहुरुपिये दर्शकों में कोलाहल मचा रहे थे।

# चीनी पर्यटकों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश

## 5 की मौत, सामने आया वीडियो



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नेपाल के नुवाकोट के शिवपुरी इलाके में एक एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई और देश के खराब विमानन रिकॉर्ड में एक और गंभीर घटना दर्ज हो गई। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के एक सूत्र ने हिमालयन टाइम्स को बताया कि हेलीकॉप्टर काठमांडू से रवाना हुआ था और सयाफ्रुबेन्सी के रास्ते में था जब वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने काठमांडू पोस्ट को बताया कि एयर डायनेस्टी का 9ह-छ्ष्ठ हेलिकॉप्टर दोपहर 1:54 बजे काठमांडू से सियाफ्रुबेसी, रसुवा के लिए उड़ान भरा था। हेलिकॉप्टर का संचालन कैप्टन अरुण मल्ला कर रहे थे और इसमें चार चीनी नागरिक सवार थे। मायरिपब्लिका अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने नुवाकोट के शिवपुरी ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड नंबर 7 में दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद किए हैं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के अनुसार, घटना के तुरंत बाद एक प्रभु हेलीकॉप्टर को दुर्घटनास्थल पर भेजा गया।

# चुनाव आयोग का आज जम्मू-कश्मीर दौरा, जल्द चुनाव होंगे

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग दो दिन का जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (8 अगस्त) को श्रीनगर पहुंचेगा। सुबह 11:15 बजे इलेक्शन कमीशन की क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द वापस दिया जाए। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया गया था। साथ ही राज्य को 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर की आलोचना का मामला

## हाईकोर्ट की टिप्पणी खारिज, भविष्य में सावधानी बरतने की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर की आलोचना करने के मामले का संज्ञान लिया था। इस मामले की आज बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस अवसर पर हाईकोर्ट ने जस्टिस राजबीर सहरावत की टिप्पणी को खारिज कर दिया। साथ ही उनके द्वारा एक आदेश में की गई टिप्पणियों को हटाते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के आदेशों पर विचार करते समय अधिक सावधानी बरती जाएगी।



### जस्टिस ने की थी ये टिप्पणी

हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से बाहर जा रहा है और हाई कोर्ट की शक्तियों को कम आंक रहा है। मामला एक अवमानना याचिका से जुड़ा था, जिसकी सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट के जस्टिस राजबीर ने फैसले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट को खुद को वास्तविकता से ज्यादा सर्वोच्च मानने की आदत हो गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राज्यसभा की 12 सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव

## एनडीए के पास 101 सीटें, यह बहुमत के आंकड़े से 13 कम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 12 खाली सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को इसका ऐलान किया है।

इन 12 सीटों में 2-2 सीटें असम, बिहार, महाराष्ट्र की हैं, जबकि 1-1 सीट हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की है। चुनाव के नतीजे 3 सितंबर शाम 5 बजे सामने आएंगे।

राज्यसभा में सांसदों की कुल संख्या 245 है। फिलहाल राज्यसभा में 225 सांसद हैं, जबकि 20 सीटें खाली हैं। लिहाजा बहुमत का आंकड़ा 114 है। खाली सीट में जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। इन सीट्स को छोड़कर बाकी 12 सीट पर चुनाव होगा। राज्यसभा में भाजपा के पास 86 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर यानी एनडीए के पास 101 सीटें हैं। एनडीए की बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं। वहीं इंडिया गुट के पास 87 सीटें हैं। इंडिया ब्लॉक और एनडीए के इतर पार्टियों के पास 28 सीटें हैं।

### राज्यसभा में भाजपा की सीटें चार साल बाद 90 से कम

राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 114 है। एनडीए के पास जो 101 सीटें हैं, वह बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं।



### 10 साल में 55 से 101 तक पहुंची भाजपा

राज्यसभा में भाजपा 10 साल में 55 से 101 तक पहुंच गई। भाजपा के 2014 में 55 और 2019 में 78 सांसद थे। जून 2020 में यह संख्या 90 हो गई। इसके बाद पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। इससे सदस्यों की संख्या 101 तक पहुंच गई। 1990 के ऐसा पहली बार हुआ था, जब किसी पार्टी ने 100 का आंकड़ा पार किया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )